कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 377, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 12 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भारत ने पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराया

### टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रन से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली

**नागपुर:** भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रन से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 177 रनों पर सिमट गई। जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 400 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 223 रनों की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में मात्र 91 रनों पर सिमट गई और मैच एक पारी और 132 रनों से हार गई।

**दूसरी पारी में 91 रनों पर सिमटी ऑस्ट्रेलियाई टीम, अश्विन ने लिए 5 विकेट:** दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का प्रदर्शन पहली पारी जैसा ही रहा। दूसरी पारी में अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बिगाड़ दी और 52 रन पहुंचते-पहुंचते उन्होंने उस्मान ख्वाजा (05), डेविड वॉर्नर (10), मैट रेनशॉ (02) और पीटर हैंड्सकॉम्ब (06) पवेलियन भेज दिया, जबकि जडेजा ने मार्नस लाबुशेन (17) को अपना शिकार बनाया। 64 के कुल स्कोर पर अश्विन ने एलेक्स कैरी (10) को आउट कर मैच में अपना पांचवां विकेट लिया। जडेजा ने पैट कमिंस (01) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। अक्षर ने 75 के कुल स्कोर पर टॉड मर्फी (02) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। 88 के कुल स्कोर पर मोहम्मद शमी ने नाथन लियोन (08) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका दिया।



91 के कुल स्कोर पर मोहम्मद शमी ने स्कॉट बोलैंड को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया और भारत को एक पारी और 132 रनों से जीत दिला दी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा रन बनाए। वह 25 रन बनाकर नाबाद रहे। दूसरी पारी में भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने 5, रवीन्द्र जडेजा और मोहम्मद शमी ने 2-2 व अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया।

**भारत ने पहली पारी में बनाए 400 रन, रोहित शर्मा ने लगाया शतक :** इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 400 रन बनाए। भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 120 रन बनाए। जबकि रवीन्द्र जडेजा और अक्षर पटेल ने बेहतरीन अर्धशतक लगाए। जडेजा ने 60 और अक्षर ने 84 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मोहम्मद शमी ने भी महत्वपूर्ण 37 रनों की पारी खेली। भारत को पहली पारी के आधार पर 223 रनों की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 177 रन बनाए थे।

### 'लेफ्ट और कांग्रेस का गठबंधन केवल चंदा वसूली के लिए'

## त्रिपुरा में विपक्ष पर जमकर बरसे मोदी

**अगरतला: त्रिपुरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने त्रिपुरा को हिंसा से मुक्ति दिलाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले त्रिपुरा में एक ही पार्टी का झंडा फहराने का अधिकार था और हर काम के लिए चंदा देना पड़ा था लेकिन भाजपा सरकार में हिंसा और चंदे की इस संस्कृति से मुक्ति मिली है। भाजपा सरकार में कानून का राज है और यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। पीएम ने कहा कि त्रिपुरा में पिछले पांच साल में तेजी से विकास हुआ है।

लेफ्ट और कांग्रेस का गठबंधन केवल चंदा के लिए: त्रिपुरा के राधाकिशोरपुर की एक रैली में पीएम मोदी ने कहा कि जिन्होंने सालों साल बारी-बारी से त्रिपुरा को लूटा, वही लोग फिर से साथ आ गए हैं। ये चंदा के लिए आए हैं। आपका भला करने नहीं आए हैं। इसलिए त्रिपुरा के लोगों को लेफ्ट-कांग्रेस की दो धारी तलवार से सतर्क रहना है। आपने वामपंथियों को हटाया तो उसका नतीजा भी आपके सामने है...आज त्रिपुरा को मुफ्त राशन मिल रहा है, पूरा राशन मिल रहा है। इससे अगर सबसे ज्यादा फायदा किसी को हुआ है तो मेरी माताओं-बहनों को हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस के शासन में यहां हजारों गांव ऐसे थे जहां कभी सड़क ही नहीं पहुंच पाई थी। बीते पांच साल में हमने यहां लगभग 5000 गांवों तक सड़क पहुंचाई है।

गरीबों के सपने लेफ्ट और कांग्रेस सरकार ने चूर-चूर कर दिए थे: त्रिपुरा के राधाकिशोरपुर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए



प्रधानमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा के गरीब, जनजातीय समुदाय, महिलाओं और युवाओं के सपने लेफ्ट और कांग्रेस सरकार ने चूर-चूर कर दिए थे। उन्होंने लोगों को त्रिपुरा छोड़कर जाने के लिए मजबूर कर दिया था। बिजली पानी पाना भी लोहे के चने चबाने जैसा था। आपने वामपंथियों को हटाया तो उसी का नतीजा है कि आज त्रिपुरा में मुफ्त राशन मिल रहा है।

त्रिपुरा में भाजपा की सरकार की वापसी: प्रधानमंत्री ने कहा कि जनसभा में भारी संख्या में लोगों के आने से पता चल रहा है कि त्रिपुरा में भाजपा की सरकार की वापसी हो रही है। लोगों की भारी मौजूदगी से विपक्षियों की रात की नींद उड़ने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने लोगों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए रात दिन काम किया है। यहां मौजूद लोग हमारे त्रिपुरा के प्रति समर्पण का उदाहरण हैं।

पीएम मोदी ने त्रिपुरा के लोगों से किया वादा राधाकिशोरपुर में पीएम मोदी ने कहा त्रिपुरा के लोगों से मेरा वादा है कि यहां फिर से भाजपा सरकार बनने पर राज्य के विकास में और तेजी आएगी। आपके सपने साकार होंगे। भाजपा को दिया एक-एक वोट अनमोल है। आपके वोट की शक्ति आपका और आपके बच्चों का भविष्य सुरक्षित करेगा।

त्रिपुरा के अमबासा में भी खूब गरजे पीएम मोदी प्रधानमंत्री मोदी त्रिपुरा के अमबासा में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा चुनाव की यह मेरी पहली जनसभा है और मैं देख रहा हूं कि इतनी बड़ी संख्या में जहां तक मेरी नजर है लोग ही लोग नजर आ रहे हैं। मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। लोगों की मुस्कान और यह उत्साह बता रहा है कि राज्य में डबल इंजन की सरकार का विकास नहीं रुकेगा। सभी ओर से एक ही आवाज आ रही है, फिर एक बार, डबल इंजन की सरकार।

### कांग्रेस और वामपंथियों ने त्रिपुरा को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया था

**प्रधानमंत्री ने** अपने संबोधन में पूर्व की कांग्रेस और वामपंथी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस और वामपंथियों ने त्रिपुरा को विकास के मामले में पीछे धकेल दिया था लेकिन हमारी सरकार सिर्फ पांच सालों में ही त्रिपुरा को तेज विकास की पटरी पर ले आई है। सीपीएम के शासनकाल में पुलिस थानों पर भी सीपीएम कैडर का कब्जा था लेकिन अब भाजपा के राज में कानून का शासन है। लोगों की जिंदगी को आसान बनाने और महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया जा रहा है। पीएम ने कहा कि त्रिपुरा में पांच हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है और गांवों को सड़कों से जोड़ा गया है। अगरतला में एक नया एयरपोर्ट बनाया गया है। ऑप्टिकल फाइबर और 4जी कनेक्टिविटी गांवों में मिल रही है। अब त्रिपुरा ग्लोबल बन गया है। उत्तर पूर्वी राज्यों को जोड़ने के लिए जलमार्ग विकसित किए जा रहे हैं। त्रिपुरा में बंदरगाह विकसित किया जा रहा है।

## नई कर प्रणाली से मध्य वर्ग को फायदा होगा: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2023-24 के बाद शनिवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल की केंद्रीय बोर्ड की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी उपस्थित रहे। सीतारमण ने कहा कि नई कर प्रणाली से मध्य वर्ग को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को अपनाने से करदाताओं के हाथ में ज्यादा पैसा बचा रहेगा। नई दिल्ली में



आयोजित आरबीआई के निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करने के बाद सीतारमण ने मीडिया से कहा कि सरकारी योजनाओं के जरिए लोगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी नहीं है।

### कांग्रेस अपना मुंह डेटॉल से साफ करे: निर्मला

**नई दिल्ली:** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने केंद्र पर भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस लीडर्स को अपना मुंह डेटॉल से धो लेना चाहिए। इस दौरान वित्तमंत्री ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विधानसभा में गलत बजट पढ़ने को लेकर भी चुटकी भी ली। निर्मला सीतारमण ने उट गहलोत पर तंज कसते हुए कहा- भगवान करे ऐसी गलती किसी से न हो। दरअसल, वित्त मंत्री लोकसभा में बजट 2023-24 को लेकर विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहीं थी।

## अब समय आ गया है, जब जनता भाजपा को देगी जवाब : खड़गे



**साहिबगंज:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि अब समय आ गया है, जब जनता भाजपा को जवाब देगी। आज देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। कभी लोग गैस के सात सिलेंडर लिया करते थे लेकिन आज ऐसी स्थिति है कि लोग एक रिफिल नहीं करा पा रहे हैं। वे साहिबगंज जिले के पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के गुमानी में (श्रीकुंड) हाईस्कूल मैदान से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत कर रहे थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए मल्लिकार्जुन ने कहा कि देश में 71 हजार स्कूल केंद्र सरकार ने बंद करा दिए। ये जो बार-बार गरीबों की बात करते हैं वो ही गरीबों को खत्म करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि संसद में पूछा था कि अडाणी की संपत्ति ढाई साल में 13 लाख करोड़ हो गई। ये अडाणी प्रधानमंत्री मोदी के मित्र हैं। मोदी ने अडाणी को सरकारी पैसा दिया है। इसलिए संपत्ति में इजाफा हुआ है। एलआईसी का पैसा दिया। एसबीआई का पैसा अडाणी को दिया। अब तक 82 हजार करोड़ अडाणी को मोदी ने दिया है। देश का प्रधानमंत्री झूठ बोलता है। संसद में अडाणी की बात उठाई तो बाहर कर दिया गया। गरीबों की बात हमने किया तो हमारे भाषण को असंसदीय कह दिया गया। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अडाणी को देश में ही नहीं विदेशों में भी ठेका दिलाया। मोदी जी बताएं कि अडाणी आपके साथ कितनी बार विदेश गए। जब यही बात हमने संसद में रखा तो उसे काट दिया गया। उन्होंने कहा कि हम देश में किसानों के लिए लड़ रहे हैं। मजदूरों के लिए लड़ रहे हैं ।

## उत्तराखंड में जारी हुआ नकल विरोधी कानून

**देहरादून:** उत्तराखंड में पेपर लीक मामले में सख्त नकल विरोधी कानून का अध्यादेश जारी किया गया है। राज्यपाल ने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शुक्रवार को उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा अध्यादेश 2023 पर मुहर लगा दी। सरकार को उम्मीद है कि इससे आगे घटनाओं में कमी आएगी। इस कानून के तहत अगर कोई प्रिटिंग प्रेस, कोचिंग इंस्टीट्यूट या मैनेजमेंट सिस्टम नकल कराने पर दोषी पाया जाता है, तो उसे उम्र कैद की सजा हो सकती है। साथ उसे 10 करोड़ रुपए जुर्माना



भी भरना पड़ेगा। इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति संगठित रूप से परीक्षा कराने वाली संस्था के साथ मिलकर षडयंत्र करता है ,तो उसके लिए भी सजा का प्रावधान किया गया है। बता दें कि राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं पर नकेल लगाने के लिए सरकार सख्त कानून बनाने रही है।

### किसी भी धर्म से अदावत नहीं, न किसी के बुलाए पर आए और न निकाले जाने से जाएंगे

## संघ-भाजपा को गिले-शिकवे मिटाकर गले लगने का न्योता

**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित तीन दिवसीय जमीयत उलेमा-ए-हिंद के 34वें महाअधिवेशन के दूसरे दिन जमीयत अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने आरएसएस और भाजपा को सभी गिले-शिकवे भुलाकर गले लगने का न्योता दिया। अपने संबोधन में मौलाना महमूद मदनी ने कहा कि आरएसएस और भाजपा से हमारा कोई धार्मिक मतभेद नहीं है। हमारी नजर में हिन्दू और मुसलमान बराबर हैं। हम इंसानों के बीच कोई फर्क नहीं करते हैं। जमीयत की पॉलिसी में भारत के तमाम शहरी बराबर हैं। इनके बीच भेदभाव नहीं होना चाहिए। मौलाना ने साफ शब्दों में कहा कि हम आरएसएस और उसके सरसंघचालक को न्यौता देते हैं कि आपसी भेदभाव भूलकर एक दूसरे को गले लगाकर भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली मुल्क बनाएं। इसके साथ उन्होंने आगे कहा कि हमें सनातन धर्म की तरक्की से कोई शिकायत नहीं है और न ही आपको इस्लाम की तरक्की से कोई शिकायत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की गलत परिभाषा देकर आक्रामक प्रचार किया जा रहा है। इसलिए मुसलमानों के खिलाफ घटनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब सरकारों की आंख के सामने हो रहा है।सरकारें भी इसे उतनी गंभीरता से नहीं ले रही हैं, जैसे लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान चले गए होते या भेज दिया होता, यह सोचना गलत है। उन्होंने कहा कि न आपके बुलाए आए हैं और न निकाले जाने से जाएंगे। हमारे पूर्वजों ने चटाई पर बैठकर उस अंग्रेज हुकूमत का विरोध किया, जिसका कभी सूरज नहीं डूबता था। अधिवेशन के पहले दिन भी उन्होंने कहा था कि यह कहना गलत है कि इस्लाम बाहर से आया हुआ कोई मजहब है। इस धरती का यह गौरव है कि प्रथम मानव और पैगंबर सैयदना आदम अलैहिस्सलाम इसी धरती पर आए। जमीयत उलेमा-ए-हिंद अध्यक्ष ने इस मौके पर मोदी सरकार की विदेश नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि तुर्किये और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में एनडीआरएफ टीम और राहत सामग्री भेजना प्रधानमंत्री मोदी का स्वागतयोग्य कदम है। पड़ोसी देशों से भी हमारे संबंध अच्छे हैं। बंगलादेश और अफगानिस्तान इसके बेहतरीन उदाहरण हैं।

## राजस्थान बदलाव चाहता है, तीसरा विकल्प चाहता है : हनुमान

**जोधपुर:** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजस्थान अब बदलाव चाहता है। राजस्थान तीसरा विकल्प चाहता है। इसके लिए रालोपा तीसरे विकल्प के रूप में उभर कर सामने आई है। रालोपा आज हर युवा के दिलों दिमाग पर छाई हुई है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार पूरी तरह वेंटिलेटर पर है। वे शनिवार को जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। रालोपा सुप्रीमो बेनिवाल ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस और बीजेपी के खिलाफ आज जनता है। जनता तीसरे विकल्प के रूप में रालोपा को आगे ला रही है। रालोपा आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में




इनको पूरी तरह टक्कर देगी। विधानसभा चुनाव के लिए रालोपा 150 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। आज राजस्थान के इस कांग्रेस शासन में तबादला उद्योग पनपा हुआ है। लोग इससे परेशान हो रखे है। बजट पर बेनीवाल ने कहा कि घोषणाएं तो होती रहती है, मगर क्रियांवति कितनी होती है यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा। गरीबों की हितों की बात बजट में ना हो तो कोई फायदा नहीं है। कांग्रेस और बीजेपी सदैव ही पार्टियों को तोडने का काम करते आए है। बेनिवाल पत्रकारों द्वारा पूछ गए सवालों पर कहा कि भ्रष्टाचार आज चरम पर है। पेपर लीक होना आम हो गया है। बीजेपी के शासन में भी पेपर लीक होते थे। कांग्रेस बीजेपी दोनों ही पार्टियों के नेता आपस में मिले हुए है। रालोपा सुप्रीमो बेनीवाल ने मीडिया से मुखातिब होते हुए केंद्र सरकार को भी घेरा और कहा कि वहां पर सांसदों की हालत बड़ी खराब है। सांसद दबाव में रहते है।

## हेल्थ सेक्टर में निवेश करें उद्यमी : मनसुख

**लखनऊ:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टोकन में कभी नहीं सोचते। वह टोटल में सोचते हैं। इस वक्त देश में हेल्थ सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। इसलिए उद्यमियों को इस सेक्टर में बढ़ चढ़कर निवेश करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन शनिवार को चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र पर आधारित सत्र को संबोधित करते हुए कहा उत्तर प्रदेश चरक एवं सुश्रुत की धरती है। वह आधुनिक चिकित्सा के जनक हैं।




उनकी प्रतिमा दुनिया के कई विश्वविद्यालयों में लगी है। यह उत्तम प्रदेश है। यहां विकास करने वाली सरकार है। मंडाविया ने कहा कि दो हजार साल पहले चाणक्य ने कहा कि अगर राज्य को बढ़ना है तो महाजनों को आश्रय देना। सम्पत्ति का सृजन करना सबके बस की बात नहीं है। यह महाजन ही कर सकता है।

# मनमाने तरीके से निर्मित कराई जा रही है पीडब्ल्यूडी की सड़क

## प्रधान व ग्रामीणों ने कहा घटिया तरीके से कराया जा रहा निर्माण कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा /प्रयागराज।** विकासखंड कोरांव के ग्राम पंचायत भगेसर में निमार्णाधीन पीडब्ल्यूडी की सड़क के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों के मुताबिक पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण सड़क योजना के तहत भगेसर डांडी रोड से गजनी के लिए संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। गजनी के नाम से रोड स्वीकृत हुई है। निमार्णाधीन सड़क डांडी रोड भदेसर से गजनी रोड में नहीं मिल पा रहा है बीच में ही खत्म कर दिया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है ग्रामीणों का कहना है कि जब गजनी के नाम से रोड स्वीकृत है और सड़क बन रही है ऐसे में गजनी संपर्क मार्ग में अगर यह सड़क नहीं मिलेगी तो सड़क बनने का उचित ही क्या होगा? ग्रामीणों को कीचड़ में ही आना जाना पड़ेगा। सड़क में कम गिट्टी डालने व घटिया निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में डोरी नहीं लगाई गई है। टेढ़ी-मेढ़ी सड़क काश्तकारों के जमीन में भी बना दी जा रही है। जबकि यह सड़क बिल्कुल सीधा है। ग्राम प्रधान बमभोले सिंह ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाई जा रही पीडब्ल्यूडी की सड़क गजनी के नाम से स्वीकृत है। जो भगेसर डांडी रोड से गजनी तक निर्मित कराई जा रही है। जो सड़क गजनी को नहीं जोड़ पा रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।



इसी प्रकार गांव के ही रहने वाले जयप्रकाश सिंह ने कहा कि पहले सोलिंग सड़क में डाली जानी चाहिए किंतु जीएसबी डाली जा रही है सड़क फटे न इसके लिए चूना डाला जाता है लेकिन किनारे किनारे चूना डाल दिया गया है जिससे सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी। इसी प्रकार भगेसर गांव के ही रहने वाले वृद्ध गोकुल प्रसाद ने बताया कि सड़क टेढ़ी-मेढ़ी बनाई जा रही है। डोरी नहीं लगाई जा रही है। जिससे काश्तकारों के जमीन में भी सड़क पहुंच जा रही है। इन्होंने सड़क की पैमाइश व सीमांकन कराने के बाद ही निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की।इस संदर्भ में संबंधित क्षेत्र के जेई से बात करने का प्रयास किया गया किंतु इनका फोन रिसीव नहीं हो सका।

### आशीर्वाद मिला तो,पूरी कर्तव्य निष्ठा से करूँगा पालनः पूर्व कोषाध्यक्ष

**कोरांव/प्रयागराज।** दिन प्रतिदिन जितना समय नजदीक आ रहा है,बार एशोसिएशन तहसील कोरांव की भी चुनावी रणभूमि तैयार होने लगी है। बता दे कि गर्मी के महीने मे लगभग बार एशोसिएशन तहसील कोरांव का चुनाव होना तय है , बार एशोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष योगेंद्र नाथ दुबे उर्फ राजू दुबे 2023-24 के चुनाव मे मन्त्री पद के उम्मीदवार है जिसके क्रम मे ,नीबी, कैथवल, पाठकपुर, खीरी, डीही पटखा, आदि जगह पहुँचकर साथी अधिवक्ताओ का आशीर्वाद लिया,इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सभी का आशीर्वाद मिला तो पूरी निष्ठा से अपने पद का पालन करूँगा,साथ मे हर अधिवक्ता साथियो के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलने का काम करूँगा इसी क्रम मे बुधवार को तहसील परिसर मे पूर्व अध्यक्ष बाल गोविंद पाण्डेय, अरुण मिश्रा, विजय बहादुर सिंह, वर्तमान अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, मंत्री कैलाश नाथ सिंह , कृष्णा कांत पाण्डेय, मलैया गुरु, शशिशेखर पाण्डेय, अरुण तिवारी,शशिकांत पाण्डेय,सुनील कुमार पाण्डेय, मणिशंकर शर्मा, भास्कर यादव,रवि प्रकाश तिवारी, इंद्र प्रकाश पाण्डेय आदि से सम्पर्क कर अपने पक्ष मे मतदान करने की अपील की

### एसडीएम बारा ने पुलिस बल के साथ अमरेहा बालू मंडी में की छापेमारी,दो ट्रक सीज

**घूरपुर।** क्षेत्र के अमरेहा ओवर ब्रिज के किनारे चल रहे अवैध बालू मंडी पर शनिवार सुबह एसडीएम बारा ने घूरपुर पुलिस के साथ छापेमारी की तो हड़कम्प मच गया। मौके पर बालू मंडी में खड़े बालू लदे ट्रकों की जांच पड़ताल की गई । इस बीच दो ट्रकों में ओवर लोड बालू लदा था जिसके पास कोई प्रपत्र भी नहीं था । इन दोनों ट्रकों को एसडीएम ने पुलिस को सौंपते हुए सीज कर दिया। एसडीएम बारा अब्दुल्लाह सुदन शनिवार की सुबह तहसील की ओर जा रहे थे ,इसी बीच उन्हें अमरेहा ओवर ब्रिज के पास बनी बालू मंडी में दर्जनों ट्रक बालू लादकर खड़े दिखे । एसडीएम अपने सरकारी वाहन से वापस घूरपुर थाने पहुंचे और वहां से पुलिस बल लेकर फिर से उक्त बालू मंडी पहुंचे तो अफरा तफरी मच गई । इस बीच एसडीएम ने पुलिस के सहयोग से ट्रकों के प्रपत्र की जांच शुरू की और ट्रक चालकों से कांटा पर्ची मांगी तो चालको ने बताया कि नौढिया और नगरवार घाट पर बालू के साथ रवन्ना दिया जाता है परंतु कांटा पर्ची नहीं दी जाती । इस बीच दो ट्रकों के पास प्रपत्र ना मिलने पर सीज करते हुए अन्य कार्रवाई के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।

# राजा कमलाकर के सालाना जलसे में दिखी भारतीय संस्कृति की झलकः रामेश्वर शुक्ला


### वार्षिकोत्सव में रानी देवयानी पत्रिका के 15 वें अंक का हुआ विमोचन

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कालेज का सालाना जलसा शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कालेज की छात्रा राधा, निधि और लक्ष्मी ने सरस्वती वंदना और तृप्ति, अभिलाषा, मानवी ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। नृत्य, गीत और संगीत से सजे सालाना जलसे में छात्र-छात्राओं ने कव्वाली, लोकनृत्य, राजस्थानी नृत्य, भाव नृत्य,





होली नृत्य, एकांकी, नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा।

समारोह में चीफ गेस्ट के रूप में हाईकोर्ट के अपर शासकीय अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद शुक्ला ने कालेज के सभी शिक्षकों और बच्चों की जमकर तारीफ की और बच्चों की सुंदर प्रस्तुति करने पर पुरस्कृत भी किया।सालाना जलसे को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि देश की सेवा करने वाले रत्न इसी विद्यालयों में छिपे रहते हैं, बस हमें उन्हें तराशने की जरूरत होती है। इंसान के जीवन में संघर्ष भी बहुत आता है, लेकिन उससे हताश नहीं होना चाहिए और अपने लक्ष्य को केंद्रित करते हुए डटे रहना चाहिए। आपका ज्ञान और व्यवहार ही आपको पहचान दिलाएगा और इसी से हमारी और समाज की तरक्की भी संभव है।

प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार जताते हुए सभी के योगदान की सराहना की और संस्थान की प्रगति आख्या भी प्रस्तुत की। अध्यक्षता समाजसेवी कुंजन लाल मिश्रा ने किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक राजा महेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। कालेज के शिक्षक प्रदीप सिंह ने कालेज की प्रगति आख्या प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव में अतिथियों द्वारा रानी देवयानी पत्रिका के 15वें अंक का विमोचन किया गया। वार्षिकोत्सव का भावपूर्ण संचालन डा. बृजेश कुमार यादव ने किया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह, नारसिंह सोलंकी कामदार साहब,गजराज सिंह, बृजभान सिंह,मूलेंद्र प्रताप सिंह, श्याम बहादुर सिंह,बौद्धिक प्रकोष्ठ के यमुनापार प्रभारी मुकेश तिवारी, रामबोध खरवार, ओपी धारिया, सीपी सिंह,अजय सिंह,अरविंद कुमार गौतम, पन्ने लाल,हरी कृष्ण,अभिनव सिंह,नरेंद्र सिंह,रोहित केसरवानी आदि मौजूद रहे।

### आदित्य कुशवाहा को मिला खेल पुरस्कार

कालेज के होनहार छात्रों में स्काउट में योग भास्कर केसरवानी, गाइड में रुचि सिंह, वैज्ञानिक क्षेत्र में पीयूष शुक्ला, रोशनी केसरवानी, सर्वश्रेष्ठ खेल पुरस्कार में पंकज पाल, रितु यादव, सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुलबदन, दिवाकर पांडे, सर्वश्रेष्ठ प्रार्थना की टीम में पावनी सिंह, राकेश सिंह और हाई स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले सौरभ पति त्रिपाठी, दीपू त्रिपाठी और स्वर्गीय आशीष सिंह खेल मेमोरियल पुरस्कार आदित्य कुशवाहा को दिया गया।

# ईओ संतोष वर्मा ने संभाला शंकरगढ़ का अतिरिक्त प्रभार

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री के आदेश पर लालगोपालगंज के ईओ संतोष कुमार वर्मा को नगर पंचायत शंकरगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।शनिवार को ईओ संतोष कुमार वर्मा ने नगर पंचायत शंकरगढ़ कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया।ईओ ने बताया कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि मैं शंकरगढ़ नियमित आकर जनसमस्याओं को दूर करूं।पहले दिन से ही एक्टिव दिख रहे ईओ ने सभी कर्मियों से विस्तृत जानकारी ली।



बता दें कि नगर पंचायत शंकरगढ़ के चेयरमैन का कार्यकाल चार जनवरी को समाप्त हो गया। जबकि यहां के तैनात अधिशासी अधिकारी 12 जनवरी को पदोन्नति हो गए। ऐसे में दोनों पद जनवरी माह से खाली चल रहे थे। दो महीने से नगर पंचायत शंकरगढ़ में चेयरमैन और ईओ की कुर्सी खाली होने से स्थानीय कर्मचारियों को वेतन के भी लाले पड़ गए थे।

# राम जन्म होते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** हेतापट्टी गांव में नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा चन्द्रभान सिंह के संयोजन में चल रही है। जिसमें राम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास श्री श्री 108 स्वामी श्री राम हृदय दास जिज्ञासु महाराज के मुखारविंद से श्री राम जन्मोत्सव की कथा के सजीव वर्णन पर कथा पंडाल में उपस्थित श्रोता भक्त भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास ने राम जन्म प्राकट्य का सुंदर प्रसंग सुनाते हुए कहा जब जब धरती पर दुराचारीयों, अतताईयों, राक्षसों का चरम सीमा पार हुआ तब तब परमात्मा किसी न किसी रूप में इस धरती पर प्रकट भए, उसी में हमारे आराध्य भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम राम भी माता कौशल्या की गोद में प्रगट



भए। कथा व्यास द्वारा भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी,, सुंदर स्तुति सुनकर एवं गाकर पंडाल में उपस्थित श्रोता भक्त भावविभोर होते हुए आनंदित हुए तथा पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। तथा भगवान राम जन्म के सुंदर प्रसंग पर श्रोता भक्तों द्वारा व्यास पीठ पर पुष्पों की वर्षा होने लगी। कथा व्यास ने बताया कि जिस समय अयोध्या में भगवान का प्राकट्य हुआ उस समय दशरथ महाराज के राजमहल सहित पूरे अयोध्या नगर में समस्त अयोध्या वासी अपने अपने घरों में हर्षोल्लास के साथ मंगल गीत गाते हुए झूमने लगे नगर के नर नारियों में आनंद का कोई ठिकाना नहीं रहा अति आनंदित हुए थे। मयार्दा पुरुषोत्तम के प्राकट्य पर आकाश से ब्रह्मा, विष्णु , महेश सहित किन्नर, गंधर्व, इंद्र आदि देवी देवताओं ने देवर्षि नारद के साथ स्तुति गाते हुए पुष्पों की वर्षा करने लगे। कथा के उपरांत मुख्य यजमान श्रीमती अवधराजी देवी एवं चन्द्रभान सिंह सहित उपस्थित श्रोताओं ने व्यासपीठ एवं मानस भगवान तथा राम दरबार की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनिरुद्ध सिंह पटेल, संदीप द्विवेदी, भाजपा नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह, शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, समाजसेवी प्रमोद त्रिपाठी आजाद, भानु प्रकाश सिंह, विपिन सिंह, विनय सिंह, विकास सिंह, वैभव सिंह, प्रांशु सिंह, हिमांशु सिंह, दिनेश शुक्ला, विनय पांडे सहित भारी संख्या में श्रोता भक्त उपस्थित होकर राम जन्म का सुंदर प्रसंग सुनकर आनंदित हुए।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर मौत

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर शनिवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया किशोर के मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। जुनेदपुर निवासी सुरेश यादव का बड़ा बेटा आशुतोष यादव 16 अपने परिचित के यहां होने वाली एक तिलक की तैयारी में लगा था। आशुतोष शनिवार को आयोजन की तैयारी करने के बाद अपने घर लौट रहा था गांव के पास पहुंचा था तभी जीटी रोड पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएससी बनी ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस चौकी पीएम के लिए भेज दिया मामले की सूचना आशुतोष के घर पहुंची तो कोहराम मच गया।

### मेजा के व्यापारी से ई-स्कुटी एजेंसी के नाम पर साढ़े बारह लाख की ठगी

**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा के एक व्यापारी से ई-स्कूटी और ई-रिक्शा की एजेंसी देने के नाम पर साढ़े बारह लाख रुपये की ठगी की गई। व्यापारी ने मेजा कोतवाली मे तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड बाजार जानकीगंज निवासी मनीष कुमार केशरी व्यापारी हैं और उसका आरोप है कि उन्हें ई-स्कूटी और ई-रिक्शा की एजेंसी देने के नाम पर इंदौर के सपन कुमार ने ब्रैंड रूफ मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड

विजयानगर इंदौर के खाते में साढ़े बारह लाख रुपये ट्रांसफर कराए थे। जिसके बाद उन्होंने एजेंसी के लिए शोरूम भी बनवा लिया। कई माह बीत जाने के बाद भी न तो रकम वापस की गई और न ही फोन पर कोई जानकारी दी जा रही है। व्यापारी मनीष कुमार केशरवानी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बीजेपी कार्यकताओं ने किया माल्यार्पण



**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के बेलामुंडी ग्राम सभा मे स्थित आदिशक्ति ज्वाला देवी इंटर कॉलेज मे मण्डल अध्यक्ष वंदना सिंह की अगुवाई मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर माला तथा पुष्प अर्पित किया गया और यथा शक्ति समर्पण निधि अर्पित करने की भी शुरूआत की गई। मंडल अध्यक्ष द्वारा अपने व्याख्यान मे बताया गया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे।कार्यक्रम मे मौके पर उमेश चंद्र पाण्डेय, अंकुश पाण्डेय अंश बीजेपी मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, अभिषेक शुक्ला, सुमित मिश्रा, पूनम सिंह,विवेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# कार -बाइक में टक्कर दो की हालत नाजुक स्वरूपरानी में भर्ती





**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा में कार ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर सवार युवक और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर ।पहुची पुलिस ने दोनों घायलो को स्वरूप रानी आसप्ताल में भर्ती करा कर कार को थाने में खडी करा ली है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय ख्वाजा गांव निवासी मोहम्मद आरिफ 20 वर्ष पुत्र नसीमुद्दीन और परिवार की सबीहा बानों 35 वर्ष पत्नी अनवर अहमद शुक्रवार रात में बाइक पर बैठ कर सुलतानपुर खास स्थित एक अस्पताल में मरीज देखने गए थे। बताते हैं कि जब मरीज देख कर वापस घर आ रहे थे तभी प्रयागराज की ओर से आ रही फोरलेन पर कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोहम्मद आरिफ और सबीहा बानों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस पहले दोनों को सी एच सी मऊआइमा ले गई जहाँ नाजुक हालात देख कर डॉक्टरों ने दोनों घायलो को स्वरूप रानी रेफर कर दिया। दोनों का उपचार स्वरूप रानी में चलरहा है। पुलिस ने कार को थाने में खडी करा ली है।

# ससुरालियों द्वारा विवाहिता को भोजन न देने, मारने पीटने का आरोप ससुरालियों पर केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** विवाहिता ने ससुरालियों पर भोजन न देने तथा मारने पीटने ,मोबाइल तोड़ने की पुलिस से शिकायत की मौके पुलिस पहुंची तो ससुराली भाग गए। विवाहिता ने थाने में तहरीर दे कर ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज करा दी है ।मऊआइमा थाना क्षेत्र के सरायजोधराय गांव निवासनीय रेखा देवी पत्नी राजेश कुमार का कथन है कि उसे अनायास ससुरालियों द्वारा मारा पीटा जाता है यही नहीं चार दिनों से भोजन नहीं दिया गया। जब वह रसोईया में जाती है तो उसे भगा दिया जाता है। आरोप है कि भोजन मांगने पर उसे मारा पीटा गया। जब वह फोन से 112 नम्बर को सूचना दी तो मौके पहुंची पुलिस को देख कर ससुराली भाग गए। पुलिस के जाने के बाद उसे फिर मारा पीटा गया और मोबाइल तोड दिया गया। रेखा देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर पति राजेश कुमार ,सास संगीता देवी ,ससुर नन्द लाल ,चचिया सास विमला देवी ,चचिया ससुर पृथ्वी पाल ,देवर सोनेलाल ,अजिया ससुर बगहा सरोज के खिलाफ केस दर्ज करा दी है।

## श्रम विभाग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन 14 फरवरी को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हिन्द मजदूर सभा उत्तर प्रदेश के आहवान पर 14 फरवरी को प्रदेश की सभी यूनियनों के सदस्य श्रमिकों की विभिन्न मांगों को लेकर क्षेत्रीय उपश्रमायुक्त कार्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भोलानाथ तिवारी द्वारा प्रदेश सरकार व मंडल प्रयागराज को ज्ञापन सौंपेंगे। यह जानकारी हिन्द मजदूर सभा प्रयागराज उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व प्रयागराज मंडल अध्यक्ष डॉ.राजकुमार साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 14 करोड़ मजदूरों की उपेक्षा तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेश के नाम पर मजदूरों के शोषण की खुली छूट श्रम विभाग की निष्क्रियता के खिलाफ हिन्द मजदूर सभा से जुड़ी मंडल की यूनियनों के सदस्य 14 फरवरी को मंडल के सभी क्षेत्रीय श्रम कार्यालयों पर 13 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना और प्रदर्शन करेंगे। श्रमिकों की मांग को लेकर हिन्द मजदूर सभा लम्बे समय से प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्रम मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव श्रम को अपना प्रतिवेदन देता रहा परन्तु उस पर अब तक कोई उचित कार्यवाही नहीं की गयी ।प्रदेश में सबसे खराब स्थिति ठेकेदारों द्वारा नियोजित श्रमिकों की है। प्रदेश में जहां 5 करोड़ के लगभग श्रमिक श्रम कानूनों से अच्छादित है वहीं भवन निर्माण, मनरेगा, नरेगा, बीड़ी मजदूर, टैक्सी,,आटो रिक्शा चालक मजदूर, एवं अन्य ऐसे मजदूर जो दूसरे के लिए कार्य करते है और मजदूरी पाते है उन सभी कार्य करने वाले मजदूरों की स्थिति बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की कई मांगे लंबित है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न



**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोराव प्रयागराज में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा में कुल 1331 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें 759 छात्र छात्राएं उपस्थित एवं 572 अनुपस्थित रहे। संपूर्ण जनपद प्रयागराज में प्रवेश परीक्षा के लिए गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया था,यह परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुधा सेठी एवं गोपाल विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ साबिर अली के निर्देशन में संपन्न हुई। जवाहर नवोदय विद्यालय मेजा की ओर से अरविंद कुमार जयसवाल, अमित कुमार द्विवेदी, अरविंद कुमार तिवारी उपस्थित रहे। गोपाल विद्यालय के आजाद बहादुर सिंह,डॉक्टर कमलेश कुमार, राकेश कुमार सिंह,विद्या कांत तिवारी, अपूर्व प्रकाश त्रिपाठी, डॉक्टर संतलाल, बृजेश श्रीवास्तव, गोविंद नारायण मिश्र तथा हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे ।परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के बाद गर्भपात की दवा खिलाई, आरोपी युवक और उसकी भाभी पर मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** करेली में 20 वर्षीय युवती से दुष्कर्म करने के बाद उसे गर्भपात की दवा खिला दी गई। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद परिजनों को जानकारी हुई तो वह बेटी को लेकर करेली थाने पहुंचे। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमे में आरोपी के साथ ही उसकी भाभी को भी नामजद किया गया है।युवती जीटीबी नगर की रहने वाली है। उसने पुलिस को बताया कि शाहगंज का मूल निवासी आजाद उससे फोन से बातें करता था। वह वर्तमान में दरियाबाद में रहता है। उसके भाई-भाभी करामात की चौकी, करेली में किराये के मकान में रहते हैं। आरोप है कि तीन महीने पहले आजाद के भाई-भाभी कहीं गए थे। इसी दौरान उसने फोन से उसे बुलाया। इसके बाद उससे दुष्कर्म किया।कुछ दिनों बाद वह गर्भवती हो गई। उसने यह बात आरोपी को बताई। आरोप है कि आजाद के जानकारी देने पर उसकी भाभी शहनाज ने उसे गर्भपात की दवा खिला दी। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। करेली इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव ने बताया कि नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य रूप से हुआ आयोजन

## जनपद न्यायालय में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया शुभारंभ, लोक अदालत में 169799 वादों का रिकॉर्ड निस्तारण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के तत्वाधान में जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10:00 माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद श्री संतोष राय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गयो राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 169799 वादों का निस्तारण किया गया` माननीय जनपद न्यायाधीश इलाहाबाद श्री संतोष राय द्वारा 31 सिविल वाद निस्तारित किए गए` फौजदारी के कुल 3060 वादों का निस्तारण किया गया` आर्बिट्रेशन के 09 वाद निस्तारित किए गए `पारिवारिक न्यायालय श्रीमती निशा सिंह, श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती मिताली गोविंदराव व श्री प्रदीप कुमार के द्वारा कुल 45 वादों का निस्तारण आपसी समझौते के आधार पर किया गयो मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी श्री सुनील कुमार पंचम व श्री बुद्धि सागर मिश्रा के द्वारा 190 वादों का निस्तारण किया गयो श्री विकास श्रीवास्तव अपर जनपद न्यायाधीश ई सी एक्ट के द्वारा विद्युत के 90 मामलों का निस्तारण किया गया` श्री दिनेश कुमार गौतम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 1756 वाद श्री सुरेश कुमार दुबे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या दो के द्वारा 1049 वाद श्रीमती जया प्रदर्शनी वर्चुअल कोर्ट ट्रैफिक के द्वारा कुल 13380 प्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए` राजस्व न्यायालय के द्वारा कूल 126327 वादों का निस्तारण किया गयो बैंक के प्री लिटिगेशन 1203 मामले निस्तारित किए गऐ श्रीमती निशा झा नोडल अधिकारी /एडीजे लोक अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गयो यह जानकारी सुभाष चंद्र मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद द्वारा दी गई।

## दो राहगीरों के लिए काल बनी ट्रकों की रफ्तार

### 21 दिन पहले पिता बने युवक समेत दो की मौत, दो घायल

**प्रयागराज।** यमुनानगर के नैनी कोतवाली क्षेत्र में ट्रकों की रफ्तार राहगीरों के लिए कॉल बनती जा रही है। प्रयागराज मिजार्पुर राजमार्ग पर दो किलोमीटर की दूरी में बीते 24 घंटे में दो अलग अलग सड़क हादसो में दो युवकों की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमे से एक युवक की पिछले साल ही शादी हुई थी। 21 दिन पहले ही वह पिता बना था। घायल दोनों युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।दोस्त के साथ गलत साइड से जा रहा था। नैनी कोतवाली क्षेत्र के अम्बेडकर नगर मोहल्ला निवासी माता प्रसाद गौड़ घर के समीप रेहडी लगाते है। उनका बेटा ऋषभ गौड़ (18) इंटर का छात्र था। ऋषभ अपने दोस्त कुलदीप निषाद उर्फ मुल्ला (21) पुत्र लल्लू प्रसाद निषाद के साथ शाम को चार बजे के करीब शहर गया था। रात में लौटते समय मिजार्पुर हाईवे पर जाम लगा था। इसलिए ऋषभ साथी संग रांग साइड से घर लौट रहा था। अरैल मोड़ से जेल रोड पुलिस चौकी के समीप एक ट्रक वाले ने टक्कर मार दी। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना के बाद पहुंचे जेल रोड पुलिस चौकी इंचार्ज सुमित त्रिपाठी ने घायलों को लाद फांद कर एसआरएन हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां चिकित्सको ने ऋषभ को मृत घोषित कर दिया। दोस्त कुलदीप को एसआरएन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

**20 जनवरी को मां बनी थी पत्नी :** इसी क्रम में नैनी कोतवाली क्षेत्र के ही लेप्रोसी मिशन चौराहे के समीप शुक्रवार की रात करीब 11:00 बजे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार यशपाल सिंह (32) की मौत हो गई। विजय सिंह निवासी सिहावल जिगना मिजार्पुर का बेटा यशपाल सिंह के आफिस का सहकर्मी अश्वनी पांडेय (28) पुत्र शिव शंकर पांडेय निवासी सिविल लाइंस, प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गए।यशपाल के बहनोई दीपक सिंह प्रधान कतवरूपुर, हनुमानगंज, सराय इनायत ने बताया कि यशपाल दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। साल भर पहले उसकी शादी दिव्या सिंह के साथ हुई थी। 20 जनवरी को उसकी पत्नी दिव्या सिंह ने एक बेटी को जन्म दिया था। 3 फरवरी को पत्नी और बेटी को घर छोड़कर यशपाल नैनी स्थित अपने कमरे पर आया था। वह प्रयागराज के सिविल लाइन स्थित एक मोबाइल कंपनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था। अश्विनी पांडेय भी उसके साथ काम करता है। दोनों लोग शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे ऑफिस बंद होने के बाद मोटरसाइकिल से नैनी अपने कमरे पर जा रहे थे। लेप्रोशी मिशन चौराहे के समीप तेज रफ्तार ट्रक से धक्का लगने पर बाइक चला रहा यशपाल सिंह ट्रक के पहिए के नीचे आ गया। उसका हेलमेट पहने सिर पर ट्रक का पहिया चढ़ गया। जिससे उसका सिर और एक आंख पूरी तरह से डैमेज हो गई। अश्वनी पांडेय दूर गिरा इसलिए वह सिर्फ घायल हुआ लेकिन हालत उसकी भी गंभीर है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस दोनों को लाद फांदकर अस्पताल ले जा रही थी। रास्ते में यशपाल की मौत हो गई।

## अखिल भारतीय नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिता में प्रयागराज के अशित साई प्रथम

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** प्रयाग संगीत समिति द्वारा आयोजित 61 वी अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता में प्रयागराज के कलाकार अशित साईं ने पहला स्थान प्राप्त प्रयागराज का पूरे भारत मे मान बढ़ाया है। अशित ने गिटार विधा में भारतीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, संस्था के पदाधिकारियों ने शनिवार की शाम अशित को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूरे देश के अलग-अलग जिलों से आए 400 से अधिक लोगों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।मुख्य न्यायमूर्ति राहुल चतुवेर्दी जी के हाथों सम्मानित हुए अशित।प्रयाग संगीत समिति द्वारा बीते 8 फरवरी को समिति के सभागार में संगीत की विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें अपने शहर के अलावा दर्जनभर अन्य राज्यों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। आपको बता दें अशित की उम्र 12 वर्ष है और इतनी कम आयु में अशित ने कई बुलंदियों को छुआ है।

### शादी का झांसा देकर भाई का दोस्त करता रहा दुष्कर्म

#### विरोध पर वीडियो वायरल करने की दी धमकी, गिरफ्तार

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाकर दो लाख ऐंठने का आरोपी राज सोनकर निवासी कीडगंज शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके भाई का दोस्त है और घर आने जाने के दौरान ही उसे शादी का झांसा देकर तीन साल पहले दुष्कर्म किया। इसके बाद लगातार उससे दुष्कर्म करता रहा।अश्लील वीडियो भी बना लिया और वायरल करने की धमकी देकर दो लाख रुपये भी ऐंठ लिए। चार फरवरी को दबाव बनाकर दिल्ली बुलाया गया और फिर होटलों में रखकर दुष्कर्म किया गया। शादी से मुकर गया और विरोध पर पीटा गया। किसी तरह उसने सूचना दी तो परिजन दिल्ली पहुंचकर उसे ले आए। सिविल लाइंस के प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया।

# दबाव में हुई शादी के दूसरे दिन ही लड़के ने की आत्महत्या



अखंड भारत संदेश

**बारा।** थाना क्षेत्र के असरवई गांव निवासी रामेश्वरम प्रसाद बिंद (25वर्ष) का लोहगरा केवटान निवासी कृष्ण कुमार बिन्द की बेटी अनुपमा बिन्द(23वर्ष) से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।धीरे धीरे इसकी भनक दोनों के परिजनों को हुई तो उन्होंने विरोध किया।प्रेमी युगल की शादी करने की जिद के सामने दोनों के परिजन हताश होकर मामले को थाना बारा में ले गए।काफी देर तक चली पंचायत में भी मामले का हल न निकलता देख परिजनों ने थाना बारा परिसर में स्थित शिव मंदिर में दोनों को परिणाय-सूत्र में बांध दिया गया।दोनों ने एक दूसरे को जयमाला पहनाई।इसके बाद प्रेमी रामेश्वरम प्रसाद बाइक पर बैठाकर अपनी प्रेमिका को पत्नी बनाकर घर पहुंचा।ससुराल पहुंचने पर दुल्हन के आने की खुशियां मनाई गई।रात में सब लोग खाना पीना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए।शनिवार को सुबह ही रामेश्वरम ने एक वीडियो बनाया, जिसमें वह रोते हुए कह रहा है कि मोनू को मत छोड़ना भैया,मोनू के साथ साथ एक व्यक्ति का नाम और ले रहा है लेकिन स्पष्ट नहीं हो रहा है।मोनू घूरपुर थाना क्षेत्र के कांटी गाँव का रहने वाला है। इसके बाद रामेश्वरम सेहुंडा गाँव की नहर के पास ही रेलगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों को जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया।स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया।मौके पर पहुंची बारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के परिजनों ने मोनू बिन्द निवासी कांटी और विवेक बिंद उर्फ लोहा के विरुद्ध आत्महत्या करने के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।समाचार लिखे जाने तक मोनू और विवेक पुलिस की गिरफ्त से दूर बताये जाते हैं।


## पारिवारिक कलह के चलते गैस वाहन चालक ने की आत्महत्या

**बारा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत परसरा गाँव निवासी रजनीश कुमार पाण्डेय (32वर्ष) पुत्र राजकुमार पाण्डेय ने घरेलू कलह से आजिज होकर शुक्रवार की देर शाम ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।सूचना के बाद पहुँची पुलिस ने शव के शिनाख्त करवाने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जाता है कि मृतक रजनीश गैस सिलेंडर वाहन के चालक थे और वह इन दिनों घरेलू कलह से परेशान होकर घूरपुर बाजार में ही में किराए का कमरा लेकर रहने लगे थे।मृतक रजनीश के दो बच्चे थे।पुलिस के अनुसार लगभग डेढ़ महीने पहले वह अपने गाँव वाला घर छोड़कर घूरपुर बाजार में किराए का कमरा लेकर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहने लगा था। शुक्रवार शाम को लगभग चार बजे के बाद घर से बिना कुछ बताये ही वह घर से निकला था। शाम छह बजे के बाद इरादतगंज रेलवे लाइन पर दोनों पटरियों के बीचोबीच उसका शव पाया गया।लाश की स्थिति देखने से प्रतीत होता है कि उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या किया है। शाम के सात बजे के बाद लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी।घूरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सूचना के बाद परिजन भी बदहवास हालत में पहुंच गए।थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि आत्महत्या की वजह पारिवारिक कलह बताई गई है लेकिन अभी तक तहरीर नहीं मिली है।

# एटीएम मशीन को काट रहे चोरों को ग्रामीणों ने दौड़ाया

## एटीएम बूथ के अंदर गैस कटर व सिलेंडर छोड़कर भागे चोर


अखंड भारत संदेश



**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना अंतर्गत हनुमानगंज चौकी क्षेत्र के कोटवा चौराहे पर लगे एसबीआई के एटीएम में घुसे चोरों को शुक्रवार की रात ग्रामीणों ने दौड़ा लिया तो मौके पर अपना भी सामान छोड़कर चोर बाइक से भाग निकले। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एटीएम बूथ के अंदर से गैस कटर बरामद किया।

कोटवा चौराहे पर मौर्या मार्केट में करीब आठ महीने पहले एसबीआई की एटीएम मशीन लगाई गई थी। शुक्रवार को देर रात चोर एटीएम बूथ में घुस कर शटर बन्द कर गैस कटर से रुपयों से भरी एटीएम मशीन काटने लगे थे तभी दुकानदार बाबा जी की नींद खुल गई उनको नजर एटीएम बूथ पर पड़ी तो शटर बंद था और अंदर से आवाज आ रही थी। मामला भाप कर बाबाजी शोर मचाने लगे शोर-शराबा सुनकर आसपास के और लोग बाहर आए और चोरों को दौड़ा लिया। चोर एटीएम उसके अंदर ही गैस कटर, गैस सिलेंडर व ऑक्सीजन सिलेंडर छोड़कर बाइक से जमुनीपुर की ओर भाग निकले। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंची और एटीएम मशीन के अंदर गैस कटर, गैस सिलेंडर, आक्सीजन सिलेंडर कब्जे में ले लिया। सुबह जानकारी होने पर खलबली मच गई। सूचना मिलने पर एसीपी फूलपुर मनोज कुमार सिंह फोरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचे और पूंछताछ किया और मौके पर जुटे ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

## डीसीपी नगर ने झूंसी थाने में सुनी समस्याएं



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** कमिश्नरेट लागू होने के बाद नगर में शामिल हुए झूंसी थाने पर शनिवार को पहली बार डीसीपी नगर संतोष मीना पहुंचे। थाने पर चल रहे समाधान दिवस पर उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी जिसके बाद थाने का निरीक्षण किया और जरुरी निर्देश दिए। झूंसी थाने पर चल रहे समाधान दिवस में डीसीपी नगर संतोष मीना पहुंचे उपस्थित फरियादियों की उन्होंने समस्या सुनी कुल चार मामले उनके सामने आए जिसमें से तीन का तत्काल निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस के बाद डीसीपी संतोष मीना एसीपी दारागंज आस्था जायसवाल के साथ थाने का निरीक्षण किया कार्यालय में अभिलेखों की जांच की थाना परिसर के अंदर बनी पीएसी की बिल्डिंग, मेस का भी उन्होंने निरीक्षण किया बिल्डिंग में लगे अग्निशमन यंत्रों की जांच के साथ परिसर में साफ-सफाई व गंदगी देख नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा रहा क्योंकि कमिश्नरेट लागू होने के बाद पहली बार डीसीपी नगर झूंसी थाने का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

### इलाहाबाद विवि : लगातार दूसरे वर्ष सीयूईटी के माध्यम से लिए जाएंगे दाखिले, आवेदन 12 मार्च तक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में स्नातक प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन 12 मार्च को रात 12 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। इस बार भी इविवि में कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से दाखिले होंगे। सीयूईटी के संचालन की जिम्मेदारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को सौंपी गई है। इविवि में सीयूईटी के माध्यम से बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएएलएलबी, बीएफए एवं बीपीए की तकरीबन 17 हजार सीटों और इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशन स्टडीज (आईपीएस) के आठ पाठ्यक्रमों की तकरीबन एक हजार सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे।बीए में प्रवेश के लिए विभिन्न विषयों के 100 कॉम्बिनेशन, बीएससी मैथ्स ग्रुप में सात कॉम्बिनेशन और बीएससी बायो ग्रुप में पांच कॉम्बिनेशन उपलब्ध हैं। विषयों के कॉम्बिनेशन की विस्तृत जानकारी इविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। शैक्षिक सत्र 2023-24 में इविवि में दाखिले के लिए छात्रों को हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों या दोनों में से किसी एक विषय की परीक्षा अनिवार्य रूप से देनी होगी। इन दोनों भाषाओं के अतिरिक्त किसी दूसरी भाषा का विकल्प चुनने पर अभ्यर्थी इविवि में दाखिले से स्वतः वंचित हो जाएंगे।प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को 12 मार्च को रात 11.50 बजे तक ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। अभ्यर्थियों को 15 से 18 मार्च तक आवेदन में भरे गए विवरण में त्रुटि सुधार का मौका भी मिलेगा। 30 अप्रैल को उन शहरों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी, जहां परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं। मई के दूसरे सप्ताह से अभ्यर्थी एनटीए की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा 21 मई से शुरू होगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मछहर उर्फ पुरवा, वि. ख. करछना प्रयागराज**

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक 11-02-2023

ग्राम पंचायत **मछहर उर्फ पुरवा** में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **मछहर उर्फ पुरवा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 12-02-2023 से दिनांक 27-02-2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 28-02-2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 28-02-2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | नेवादा माइनर से रामनरेश के घर तक खडंजा मरम्मत कार्य (210 मीटर) | 1.84 लाख | 1 माह |
| 2. | नेवादा माइनर से राधेश्याम के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य (150 मीटर) | 4.00 लाख | 1 माह |
| 3. | प्राथमिक विद्यालय पटेल बस्ती में कायाकल्प कार्य | 5.00 लाख | 1 माह |
| 4. | राधेश्याम के घर से सुरेन्द्र भारतीय के घर तक खडंजा मरम्मत कार्य (150 मीटर) | 1.20 लाख | 1 माह |

राजकुमारी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मछहर उर्फ पुरवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

मनीष कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत मछहर उर्फ पुरवा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज



## थाना दिवस पर अचानक पहुंचे डीएम अनुपस्थित राजस्व कर्मियों का वेतन रोकने का दिया निर्देश

**करछना।** समाधान दिवस पर करछना थाने मे अचानक जिलाधिकारी सजय खत्री दोपहर मे अचानक पहुचने से हडकम्प मच गया,उन्होने समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतो का निस्तारण के बावत जानकारी ली और शिकायतो को सुनते हुए जब सम्बधित गाव के हल्का लेखपाल नवीन श्रीवास्तव को बुलाया गया तो वह मौजूद नही थे जिसके बाद राजस्व निरीक्षक अमित पाठक से उनके बारे मे जानकारी ली गई तो वह सतोष जनक जबाब नही दे पाये जिसपर लेखपाल का बेतन रोकने और कानूनगो से स्पष्टीकरण मांगा गया ।इसके बाद डीएम ने एसीपी कार्यालय के अधिग्रहीत जमीन को भी देखा और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए ।मौके पर कुल 7 शिकायते आई लेकिन मौके पर निस्तारण नही हो सका ।इस मौके पर डीसीपी दीपक भुकर,एसडीएम गणेश कनौजिया,एसीपी अजीत सिह चौहान आदि मौजूद रहे।

# पत्रकारों को भी आयुष्मान योजना का लाभ मिले, सरकार से करेंगे मांग

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के स्थापना दिवस अवसर पर अनवर मार्केट में गंगापार इकाई की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार आरपी शर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ पत्रकार आरपी शर्मा ने नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन को एक आदर्श संगठन के रूप में स्थापित कराने के लिए सभी उपस्थित पत्रकार साथियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने संगठन के प्रति सक्रियता बढ़ाने पर बल भी दिया। बैठक का संचालन कर रहे गंगापार जिलाध्यक्ष शाश्वत ने संगठन में एकजुटता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कोष का होना भी नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंप मांग की जायेगी की पत्रकारों को भी आयुष्मान योजना का लाभ मिले गंगापार उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने बैठकों में हो रहे असमंजस को लेकर ध्यानाकर्षण कराया। उनका कहना था कि सभी के मसविरा से कार्यक्रमों का आयोजन होगा तो अधिकाधिक पत्रकार साथी उपस्थित रहेंगे। प्रांतीय मुख्य महासचिव डॉ महमूद आलम ने गंगापार इकाई का मार्गदर्शन करते हुए कहा संगठन विस्तार का मामला हो या फि र छोटे बड़े बैठकों के आयोजनों का मसला, संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों से विचार करके योजनाबद्ध तरीके से रणनीति तय की जानी चाहिए ताकि हर कार्य में गुणवत्तापरक सफलता हासिल हो सके। जिला मुख्य महासचिव राजेंद्र सिंह ने स्थापना दिवस की सभी पत्रकार साथियों को बधाई देते हुए पत्रकार हित में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करने के लिए सदैव तत्पर है बशर्ते पत्रकार साथी भी पत्रकारिता धर्म का पालन करते रहे। गंगापार कोषाध्यक्ष मो. अयाज एवं प्रवक्ता मोहित निषाद ने संगठन को गति प्रदान करने के लिए बेहतर रणनीति तय करने का सुझाव दिया। इस दौरान अजय कुमार मौर्य, महानारायण पांडेय, अनुराग पटेल आदि शामिल रहे।

### नेशनल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर जुटे पत्रकार



# खेल स्पर्धा से युवाओं में शारीरिक स्वस्थता एवं मस्तिष्क का विकास होता है: सांसद

## 13 ब्लॉकों में दूसरे दिन 6 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने की सहभागिता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा संगम लाल गुप्ता ने कहा कि खेल से शारीरिक स्वास्थता के साथ मस्तिष्क का विकास होता है सभी युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना प्रगाढ होती है युवाओं के खेल में अपनी प्रतिभा दिखाने तथा बहुत कुछ कर गुजरने की तमन्ना रहती है। सांसद खेल स्पर्धा 2023 के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में लक्ष्मणपुर ब्लॉक के महावीर सिंह खींची इंटरमीडिएट कालेज पूरे गिरिवर अजगरा प्रतापगढ़,राम अंजोर इंटर कालेज लालगंज,वीरभद्रपुर खेल मैदान रामपुर संग्रामगढ़ व सराय लालशाह सांगीपुर के खेल मैदानों में खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुये। खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से जिले व प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की सोच है कि युवाओं का सर्वांगीण विकास हो और सर्वांगीण विकास के लिये शिक्षा के साथ साथ युवाओ के स्वास्थ्य सम्बर्धन के लिये खेल का मैदान सबसे उत्तम आधार होता है । इसीलिए खेल स्पर्धा जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में सफल होने वाली ग्रामीण छिपे प्रतिभावान खिलाड़ियों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा जो अपने हुनर का प्रदर्शन कर आगे बढ़ सकेंगे और अपने गांव,ब्लॉक और जनपद का भी आगे चलकर नाम रोशन कर सकेंगे।



लक्ष्मणपुर ब्लाक के महावीर सिंह खीची इं. कालेज में प्रतिभाग करते बच्चे।

इसी क्रम में संगम यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री निरन्तर नौजवानों का चाहे वो सेना के हों,परीक्षार्थी हों या खेल के मैदान में हो अपने कार्य को खेल के मैदान की भांति उमंग और उत्साह के साथ करते हुये आगे बढ़ें।सांसद ने कहा कि यही ग्रामीण परिवेश से आगे बढ़कर ओलम्पिक तक का सफर नौजावन बेटे और बेटिओं द्वारा किया इस सोंच के साथ इस स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर सर्व श्री वरुण प्रताप सिंह, उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र समर बहादुर सिंह, पूर्व सहायक सूचना आर0बी0 सिंह, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडे, जिला युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह, ओम प्रकाश पाण्डेय गुड्डु, अजय वर्मा,श्रीनाथ पासी,विवेक उपाध्याय,बबलू मिश्रा,ओम प्रकाश तिवारी झुन्ना, राजेश मिश्रा, देवेंद्र मिश्र गट्टे, जगराम यादव, रामलखन यादव,पप्पू जायसवाल, नितेश आदि उपस्थित रहे। सांसद खेल स्पर्धा में शनिवार को आसपुर देवसरा, पट्टी, गौरा, शिवगढ़, बाबा बेलखरनाथ धाम के खेलों का शुभारंभ संगम यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, मनोज उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पांडे, आचार्य विष्णु दत्त, अखिलेश मिश्र, मदन गुप्ता, राकेश मिश्रा के द्वारा किया गया। सांडवा चंडिका, मंगरौरा में मा0 विधायक राजेंद्र मौर्य, नवीन सिंह, सुरेश गुप्ता के द्वारा शुभारंभ किया गया। सदर में समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र समर बहादुर सिंह, पूर्व सहायक सूचना निर्देशक आरबी सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी के0के0 सिंह, संजय शर्मा प्रधानाचार्य संगम इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा शुभारंभ किया गया। लालगंज, रामपुर, संग्रामगढ़, लक्ष्मणपुर, सांगीपुर में मा0 सांसद संगम लाल गुप्ता, महेंद्र प्रताप सिंह छोटे सरकारश्, वरुण प्रताप सिंह, कुलवंत सिंह, शिवेंद्र सिंह, देवेंद्र मिश्र, ओमप्रकाश पांडे गुड्डू के द्वारा किया गया।

## फाल्गुन माह शुरू होते ही तापमान बढ़ने से गेहूं किसान चिंतित

### तापमान पहुंचा 30 डिग्री सेल्सियस पार

**प्रतापगढ़।** फरवरी माह के दूसरे सप्ताह में ही तापमान बढ़ने से गेहूं किसान चिन्तित है पिछले अन्य वर्षो में फाल्गुन की शुरूआत में 22 डिग्री से. रहता था जो गेहूं के लिए अनुकुल माना जाता है लेकिन तापमान 30 डिग्री. से. पहुंच जाने से किसान परेशान हो उठा है।

उसे आपंका है कि गेहूं के फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिले में 147 हजार हे. में गेहूं की बुवाई की गई है। माघ माह के अंत तक तापमान ठीक था जो गेहूं किसानो को आषा थी इस बार फसल अच्छा होगा लेकिन फाल्गुन माह लगते ही तापमान में उछाल आया है जिसमे तापमान 30 डिग्री. सेन्टीगेट रिकार्ड किया गया। शनिवार को तेज धूप थी और मौसम शुष्क था। इस बेरूख मौसम से किसान चिन्तित है।

## हर व्यक्ति को बिना किसी भेद भाव के सुरक्षा व सम्मान मिलना चाहिए: एसपी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़ कटरा गुलाब सिंह।** क्षेत्र के कटरा गुलाब सिंह चौकी अंतर्गत मान्धाता मुख्य मार्ग पर बकुलाही नदी के गाड़ी घाट पुल के समीप निर्मित आदर्श निरीक्षण बूथ का फीता काटकर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने उदघाटन करने के बाद क्षेत्रीय लोगो को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जनपद भर में सरकार की मंशा के अनुरूप बनवाये जा रहे ऐसे चेक पोस्ट पर निरंतर पुलिस की मौजूदगी रहने से अपराध में कमी आएगी। इन्ही बूथों पर बैठ कर सम्बन्धित अधिकारी अपने



आदर्श निरीक्षण बूथ का उद्घाटन करते एसपी।

शासकीय कामकाज भी निपटाये तो बेहतर होगा। उन्होंने आगे कहा कि महिला सुरक्षा की दृष्टि से भी यह बूथ काफी सहायक होंगे! कप्तान ने युवाओं में मादक पदार्थों के सेवन की बढ़ती समस्या के लिए जन जागरूकता की जरूरत बताया। आपसी विवादों में उलझ कर थाने कचेहरी में समय व धन बरबाद करने से अच्छा होगा कि मिलजुलकर निपटारा कर ले तो बहुत ही अच्छा रहेगा। जिससे आने वाली पीढी के लिए यह विरासत छोड़ कर न जाना पड़े! सड़क सुरक्षा पर भी वह विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि लोगो को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाना जरूरी है वैसे तो इसमें हमारी पुलिस भी कही न कही पीछे रह जाती है जिसे सुधरने के लिए हिदायत भी दिया! उदघाटन अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह की छात्राएं यशश्वी सिंह, लवली, आन्या विश्वकर्मा, दिव्यांशी, सुभी शुक्ला, नंदनी तिवारी, भावना कौशल व प्रिया ने स्वागतगीत प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मो फरहीम ने किया! इस मौके पर अपना दल के नेता राम आसरे पटेल ने विगत दिनों छिताही गांव में हुई 37 बकरियों की चोरी की घटना में कोई कार्रवाई न होने की शिकायत किया,जिसे पुलिस अधीक्षक ने गम्भीरता से लेकर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी रोहित मिश्रा,सीओ सदर,चैकी प्रभारी कटरा गुलाब सिंह राकेश भदौरिया,व थाना प्रभारी व उनके समस्त कर्मियों के साथ कटरा गुलाब सिंह बाजार के व्यापार मंडल डॉक्टर अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, जगनरायन सेठ,घनश्याम अग्रहरि,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमेश पासी,मो इश्तियाक,विभव सिंह चौहान, दिनेश अग्रहरि,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 44020 वादों का किया गया निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक आपसी सुलह समझौते से मुकदमों का निस्तारण लोक अदालत में किया जाये जिससे अधिक से अधिक वादकारियों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संयोजन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने किया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 44020 वादों का निस्तारण किया गया जिनमें 3714 फौजदारी वाद, 16 एन0आई0 एक्ट, 01 विद्युत वाद, 21 मोटर दुर्घटना वाद, 46 वैवाहिक वाद, 202 सिविल वाद, 1516 बैंक ऋण, 42 बीएसएनएल वाद, स्थायी लोक अदालत वाद 04 एवं कलेक्टेज्ट प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 38458 वादों का निस्तारण किया गया। फौजदारी वादों में 602110 रुपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में रुपए 17255000 का प्रतिकर दिलाया गया, उत्तराधिकार वादों में 19506547 रुपए का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया। बैंक वादों में 77775445 रुपए एवं बीएसएनएल वादों में 105713 रुपए का समझौता हुआ। इस लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयं सेवकों, पैनल अधिवक्तागण, मध्यस्थगण, कर्मचारीगण व बैंकों का सहयोग सराहनीय रहा।

## दुर्घटना में महिला की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे घायल महिला की मौत होने से परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात गांव निवासी संजय की पत्नी गुडडा 40 शुक्रवार की शाम सात बजे गांव से नहर मार्ग से राजेन्द्र नगर तिराहा सब्जी लेने आयी थी। सब्जी लेकर वह घर जा रही थी कि नेशनल हाइवे लखनऊ वाराणसी पर चौराहे के समीप अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे गुडडा गंभीर रूप से घायल हो गयी।

इलाज के लिए उसे स्थानीय ट्रामा सेंटर लाया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सको ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शनिवार की सुबह गुडडा की मौत हो गयी। परिजन शव को लेकर घर वापस लौट आये। सूचना मिलने पर शनिवार की सुबह कोतवाली पुलिस पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। महिला की मौत से परिजनों मे कोहराम मचा दिखा।

### व्यापार मण्डल आज डीएम को करेगा सम्मानित

**प्रतापगढ़।** जिला उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने बताया कि जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल के कार्य कुषलता तथा व्यापारियो के प्रति उनका सद्व्यवहार के कारण व्यापार मण्डल ने निर्णय लिया है कि वह रविवार को तुलसी सदन में अपरान्ह तीन बजे जिलाधिकारी को सम्मानित करेंगे।

## बचपन का प्यार भूल न जाना गीतो से हुई कक्षा 12 के छात्र-छात्रा की विदाई

### कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो बच्चोः डा. शाहिदा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कक्षा 12 के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम न्यू ऐन्जिल्स के सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वन्दना एवं पूजन से हुआ।

कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की वैष्णवी, साक्षी, अयान, ने किया। सर्वप्रथम कक्षा 3 और 4 के छात्र छात्राओं ने पर अरनव, मों दाऊद, आयुष ने मुकाबला मुकाबला गीत पर खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों ने बसपन का प्यार भूल नहीं जाना मो सीजान कक्षा 6 के छात्र ने ष्मेरी जिन्दगी संवारी गीत को मधुर आवाज में प्रस्तुत किया। एक ग्रुप सांग कक्षा 11 के साक्षी, वैष्णवी ग्रुप ने अपना हर पल ऐसे जियो जैसे आखरी हो गीत प्रस्तुत किया कक्षा 6 के प्रियांशु, वैभव, परी, ओजस्वी आदि ने मेरा वाला डान्स पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया सभी बच्चों को टाइटिल्स भी दी गयी कक्षा 11 के सुमित सरोज ने रैप सांग खुद ही गाया और नृत्य भी स्वयं किया जिसके बोल थे नेवर बैक डाउन कक्षा की 11 की स्नेहा सिंह ने गुजराती सोलो डान्स जोगारा सारा प्रस्तुत किया। शिवम, सौम्या, समृद्धि, शगुन और प्रेक्षा ने भी ष्एक तू ही यार मेरा खूबसूरत गीत प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात कक्षा 12 के छात्रों की पेपर डान्स प्रतियोगिता हुई जिसमें राजेश्वर और उत्तम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कक्षा 11 के शगुन, शिवम, समृद्धि, आदर्श, सौम्या, कृष्णा, धनवीर, स्वेता आदर्श, आदित्य, एवं आदर्श मिश्रा ने एक नाटक ष्पढ़ोगे लिखोगे तो होगे नवाब का सजीव चित्रण किया छात्राओं की भी ष्शर्ट बटनष् एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें मुस्कान विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एक मिनट में सबसे अधिक बैलून फुलाने की प्रतियोगिता में कक्षा 12 कीकाश्वी और प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम के अंतिम बादान पर कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने सोनी ते नखरे सोने लग दे पर यादगार नृत्य प्रस्तुत किया कार्यक्रम के अंत में विज्ञान वर्ग के अंश यादव कोऔर कामर्स वर्ग के सोमेश शर्मा को मिस्टर एन्जिल्स और कुमारी नाजिश को मिस एन्जिल्स को मिस एन्जिल्स की उपाधि दी गयी।



न्यू एन्जिल्स के बच्चो को महत्वपूर्ण पदवी देती डा. शाहिदा।

पूनम श्रीवास्तव, शशि पाण्डे, रवि सिंह, आर के सिंह, अभिषेक सिंह, सुनील कुमार, दुर्गेश सोनी आदि अध्यापकों ने आशीर्वाद दिया प्रधानाचार्य बी के सोनी ने अपने आशीर्वचन में कक्षा 12 के बच्चों को जिन्दगी में कठिन परिश्रम करके सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की आयोजिका कु एफ जीनत ने बच्चों को कभी हिम्मत न हारने की सीख दी और कहा छात्र छात्राएं और अध्यापक एक दूसरे के पूरक होते हैं और कार्यक्रम का समापन करते हुए चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने कहा ष्कौन कहता है आस्माँ में सूराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो बच्चों उन्होंने बच्चों को बताया कि इण्टर की परीक्षा अच्छे नम्बरों से उत्तीर्ण करो कामियाबी तुम्हारे कदम चूमे, और ऐसे कर्म करो जिससे आपके माता पिता और विद्यालय का नाम रौशन हो।

## शैक्षिक परिवेश की मजबूती में ही फलाफूला करता है ढांचागत विकास- मोना

### विधायक ने वार्षिकोत्सव में दी दो लाख की सौगात, शिक्षक विधायक ने भी शिक्षा की मजबूती पर दिया जोर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दौलतपुर स्थित लाल बसन्त सिंह शिक्षा निकेतन इण्टरमीडिएट कालेज का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। बतौर मुख्यअतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्जन कर किया।

वार्षिकोत्सव पर विधायक आराधना मिश्रा मोना ने एमएलसी उमेश द्विवेदी के साथ नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का समारोहपूर्वक लोकार्पण भी किया। छात्रा ऋचा सिंह, काजल, शालू यादव, पूनम साहू, गीता पाल, सपना, आचंल सिंह, मांशी पाल, कृतिका केसरवानी, प्रिया सिंह, कोमल उपाध्याय, शांति प्रजापति ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत



वार्षिकोत्सव को संबोधित करती विधायक आराधना मिश्रा मोना।

एवं नाटक, राष्ट्रीय गीत, नृत्य, भाव-नृत्य व नुक्कड़ नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर वार्षिकोत्सव की समां बांधी। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अपने संबोधन मे कहा कि दुनिया में प्रगति के इस दौर में शत प्रतिशत साक्षर देश ही ढांचागत विकास की मजबूती के साथ वैश्विक नेतृत्व मे समर्थ हो सकता है। उन्होने विधायक निधि से विद्यालय मे शिक्षण कक्ष निर्माण के लिए दो लाख रुपए की सौगात की घोषणा करते हुए अभिवावको व समाजविदो से भी रामपुर खास को शिक्षा के हब बनाए जाने के मिशन मे जागरूकता भरा सहयोग मांगा।

विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने समारोह मे कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज और देश की भलाई की रचनात्मक सोच रखता है। उन्होंने शिक्षक विधायक के रूप में शिक्षकों तथा शिक्षार्थियों के हितों का संवर्धन करने का विश्वास दिलाते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास का मेरूदण्ड है।

एमएलसी उमेश द्विवेदी ने भी विद्यालय के विकास में अपेक्षित सहयोग का विश्वास दिलाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष लाल कृष्ण प्रताप सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। संचालन अनिल सिंह ने किया। प्रबंधक विजय प्रताप सिंह ने स्वागत भाषण तथा संयोजक इं. विक्रम प्रताप सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, दृगपाल यादव, लाल विनोद प्रताप सिंह, त्रिभु तिवारी, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल आदि रहे।

## फांसी के फंदे पर झूल अधेड़ ने दी जान

**प्रतापगढ़।** कपड़े की सिलाई का कार्य करने वाले अधेड़ ने शनिवार को दोपहर गांव के पास ही झाड़ी में पेड़ में फाँसी लगाकर अपनी जान दे दी। राहगीरों द्वारा देखे जाने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई और पुलिस को घटना की सूचना देकर अधेड़ को लेकर सीएचसी बाघराय लेगए। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम सा मचा हुआ है। प्राप्त विवरण के अनुसार जेठवारा थानाक्षेत्र के अकरियापार गांव निवासी बंशीलाल पुत्र मधुरे 52 वर्ष जेठवारा बाजार में टेलरिंग का कार्य किया करता था। उसके दो बेटे व बेटियां थी शनिवार को दोपहर अचानक वह घर पहुंचा और घर से निकलकर वह पास की झाड़ी में गया और पेड़ पर कपड़े से फंदा लगाकर उससे झूल गया। थोड़ी देर में राहगीरों ने उसे देखा पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आनन फानन में परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

## एमडीपीजी कालेज में फूड न्यूट्रिशन एंड हाइजीन की परीक्षा में 953 परीक्षार्थी रहे उपस्थित



परीक्षा का निरीक्षण करते एमडीपीजी के प्राचार्य मनोज मिश्रा।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में शनिवार को कोकरिकुलर प्रश्न पत्र फूड न्यूट्रिशन एंड हाइजीन की परीक्षा कराई गई। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी ने बताया कि प्रथम पाली में 1024 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 953 उपस्थित एवं 71 अनुपस्थित रहे जबकि द्वितीय पाली की परीक्षा में 344 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 314 उपस्थित एवं 30 अनुपस्थित रहे। महाविद्यालय के शिक्षक प्रो अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ सी एन पांडे, डॉ डी के पाण्डेय, डॉअभिषेक सिंह,डॉ बलराज मिश्र, डॉ विक्रांत पटेल आदि लगातार परीक्षाओं की निगरानी करते रहे।

## इग्नू ने एससी एसटी एक्ट के छात्र छात्राओ की प्रवेश शुल्क में दी छूट

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने एससी और एसटी छात्रों को बड़ी राहत दी है। इग्नू प्रतापगढ़ के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया विश्वविद्यालय ने स्नातक विषय के लिए जनवरी 2023 के दाखिले और री-रजिस्ट्रेशन के लिए एससी व एसटी छात्रों की फीस माफ कर दी है। इसे लेकर नोटिस जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति के छात्रों को इग्नू जनवरी 2023 सत्र के प्रवेश के लिए शुल्क के भुगतान से छूट होगी। जनवरी प्रवेश चक्र में नए प्रवेश और पुनरू पंजीकरण करने वाले एससी एसटी श्रेणियों के विद्यार्थियों के लिए यह छूट दी गई है। उम्मीदवार इस नोटिस को इग्नू की आधिकारिक साइट पर देख सकते हैं।

# ट्रैक्टर से गिरा मजदूर आया लिफ्टर के नीचे, कुचलकर मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के दुवरा चौराहा के समीप शनिवार को ट्रैक्टर से गिरे मजदूर की लिफ्टर से कुचलकर मौत हो गई। हादसे से परिजनों में जबर्दस्त आक्रोश था। गुस्साए परिजनों ने दोपहर में थाना का घेराव किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक बलीपुर नारा निवासी पप्पू सोनकर उम्र 42 वर्ष पुत्र महेश सोनकर मजदूरी करता था। शनिवार की सुबह वह मंझनपुर में लिंटर डालने के लिए घर से निकला। गांव से बाहर आया तो ट्रैक्टर में लगी लिंटर डालने वाली लिफ्टर मशीन में वह सवार हो गया। दुवरा चौराहा के समीप जैसे ही वह पहुंचा। अचानक गिर गया। इससे लिफ्टर की हाइड्रोलिक मशीन में फंस गया और पहिया के नीचे आ गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आई। घायल को साथी मजदूर व चालक ने स्थानीय प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस के पहुंचने पर किसी तरह मामला शांत हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके बाद पप्पू की पत्नी श्रीमती परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची। थाने का घेराव कर कारर्रवाई की मांग की। किसी तरह मामले को पुलिस ने शांत कराया। वही मामले को लेकर कोतवाल संतोष कुमार शर्मा का कहना है, कि मामले की जांच किया जा रहा है, अगर कोई लापरवाही मिली, तो ट्रैक्टर में मौजूद साथियों के खिलाफ काररवाई किया जायेगा।


अस्पताल पहुंचे मजदूर के परिजन

## ट्रैक्टर चालक को पीटने वालों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशांबी।** सड़क पर कार खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध करने वालों को सड़क से कार हटाने की बात कहने पर ट्रैक्टर चालक को दबंगों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया घटना को अंजाम कौशांबी थाना क्षेत्र के कोसम इनाम गांव में 10 फरवरी को दिनदहाड़े कोसम गैस एजेंसी के पास कार सवार गुंडों ने दी है

जानकारी के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के कोसम इनाम गांव निवासी रामबाबू पुत्र धर्मपाल पासी 10 फरवरी को ट्रैक्टर लेकर घर जा रहा था रास्ते में सलमान ने कार खड़ी कर दी थी जिस पर रामबाबू ने सलमान से कार हटाने को कहा इसी बात पर वाद विवाद होने लगा और कार मालिक सलमान ने समीर गुड्डू शमशाद को बुला लिया और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौज कर बेरहमी से रामबाबू की पिटाई कर दी हमला देखकर आसपास के लोगों ने बचाव किया मामले की जानकारी रामबाबू ने थाना पुलिस को दी पुलिस ने चारो आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।


पिटाई से घायल ट्रैक्टर चालक

## एक अदद प्रधानमंत्री आवास के लिए तरस रहे ग्रामीण, कमजोर मजलूम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री द्वारा संचालित आवास योजना अव्यवस्था की भेंट चढ़ चुकी है गरीब कमजोर मजलूम जरूरतमंद लोग एक अदद आवास के लिए तरस रहे है लेकिन अपात्रों को आसानी से आवास मिल रहा है शिकायतों के बाद गलत आवास को निरस्त कर वसूली की कार्रवाई अधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही है जिससे गरीब कमजोर लोगो तक योजना का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है और गरीब कमजोर जरूरतमंद लोग प्रधानमंत्री आवास के लिए तरस रहे है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली के मामले में कौशांबी विकासखंड के ग्राम सोनवारा मजरा बेरौचा के रहने वाले दिनेश रैदास पुत्र साधू श्रीमती पत्नी स्वर्गीय जगजीत पाल संदीप पाल पुत्र राम खेलावन जया देवी पत्नी स्वर्गीय संजय पाल मन्नू लाल पुत्र माता बदल उर्फ माता प्रसाद सहित अनेक ऐसे लोग है जिनकी स्थिति खराब होने के बाद भी पीएम आवास नहीं मिल सका है पति का साया भी उठ चुका है कमाने वाला भी कोई नही है उन लोगों को भी पीएम आवास नसीब नहीं हुआ है जिनका बारिश में घर भी गिर गया फोटो आधार पास बुक की कापी सरकारी कार्यालय में दिए जाने के बाद भी पीएम आवास नहीं मिल सका घर गिर जाने के बाद गरीब कमजोर लोगों को आपदा की भी आज तक कोई रकम नही मिली बारिश से गिरे हुए मकान में तिरपाल डाल के अपना जीवन आदि मानव की तरह व्यतीत कर रहे है प्रधान मंत्री का कहना है 2022 तक सबका पक्का मकान होगा कब इनको आवास मिलेगा इनको कब पक्की छत का आसरा मिलेगा और कब तक इनका प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास की पात्रता की सूची में नाम जोड़ा जाएगा कब तक अधिकारी इन गरीबों की तरफ ध्यान देंगे या फिर प्रधानमंत्री आवास योजना धांधली का शिकार होती रहेगी।

# माल्यार्पण कर थाने से दी गई उप निरीक्षकों को विदाई



स्थानांतरित उपनिरीक्षक का माल्यार्पण कर स्वागत करते पुलिस जन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली के अंतर्गत बेनीराम कटरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक वीर प्रताप सिंह,एवं नगर पंचायत कस्बा प्रभारी उपनिरीक्षक जमालुद्दीन खान का गैर जनपद स्थांतरण हो गया है।दोनों उपनिरीक्षो ने लगभग 13 माह का कार्यकाल पूरा किया।सराय अकिल कोतवाली के सहकर्मियों ने दोनों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बिदाई किया आम लोग भी बिदाई में शामिल हुए।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने दोनों के अच्छे कार्य के लिये बधाई दिया।और आगे भी निष्ठा पूर्वक कार्य करने को प्रेरित किया इस मौके पर उप निरीक्षक राधे मोहन त्रिवेदी उप निरीक्षक अमित कुमार पटेल उप निरीक्षक जय प्रकाश दुबे, हेड कांस्टेबल सुरेश चंद्र, दिवान अखिलेश सिंह, शकील खान, सुमित शर्मा दीनानाथ वीरेंद्र यादव, गिरीश, महिला कांस्टेबल गीता भावना आकांक्षा आरती प्रीति आदि लोग शामिल रहे।

## गुमशुदा बालिका को पुलिस ने किया बरामद

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के छिमिरछा गांव से कुछ महीने पूर्व 16 वर्षीय एक नाबालिग बालिका रहस्यमय परिस्थितियों में गुम हो गई थी जिसकी खोज में परिजन परेशान थे परिजनों की सूचना पर पुलिस ने धारा 363 के अंतर्गत अपराध संख्या 418 सन 2022 अभिलेखों में दर्ज कर बालिका की खोजबीन शुरू की उपनिरीक्षक विश्वनाथ ने कांस्टेबल पवन जयसवाल और महिला आरक्षी रोशनी राय के साथ शनिवार को अषाढा चौराहे से बालिका को बरामद कर लिया है बालिका को बरामद करने के बाद पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# न्यूज झरोखा

## थाना दिवस में उप निरीक्षक ने सुनी जनशिकायतें



**हर्रायपुर, कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर संदीपन घाट थाना में अपनी समस्याएं लेकर आए फरियादियों की समस्याओं को उपनिरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने सुना थाना समाधान दिवस के मौके पर मिले पांच शिकायती प्रार्थना पत्रों में एक शिकायती पत्र की समस्या को सुनकर उपनिरीक्षक ने समाधान किया शेष शिकायती पत्रों को राजस्व के लेखपाल और सिपाहियों को देकर के समय सीमा के अंदर निस्तारित करने का निर्देश दिया इस मौके पर हर्रायपुर चौकी इंचार्ज कृष्णकुमार यादव मूरतगंज चौकी इंचार्ज राकेश कुमार राय लेखपाल कुलदीप श्रीवास्तव, संतोष यादव, जितेंद्र प्रसाद, लक्ष्मीशंकर आदि लोग मौजूद रहे।

## आधी रात को बिस्तर पर पहुंचकर युवक ने विवाहिता से शुरू कर दी छेड़खानी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सोनारण के पुरवा गांव में घर के भीतर बिस्तर में सो रही एक विवाहिता के पास आधी रात को पड़ोसी युवक छेड़खानी करने पहुंच गया आधी रात को युवक विवाहिता से छेड़खानी कर रहा था इसी बीच विवाहिता का पति जाग गया इस बात को लेकर विवाहिता के पति से युवक की नोकझोंक हुई बताया जाता है कि हनुमान पुत्र बली विवाहिता से छेड़खानी करने आधी रात को विवाहिता के घर पहुंचा था वहीं कुछ लोगों की बातों को मानें तो विवाहिता से युवक के पहले से अंतरंग संबंध है वरना आधी रात को विवाहिता के घर का दरवाजा खोलें बिना युवक कैसे विवाहिता के घर उससे मिलने पहुंच गया शनिवार की सुबह विवाहिता का पति युवक के घर पहुंचा और आधी रात को छेड़खानी की बात की शिकायत कर रहा था जिस पर युवक ने अपने परिजनों के साथ मिल कर विवाहिता के पति को गाली गलौज कर डांट कर भगा दिया है मामले की सूचना लेकर विवाहिता मंझनपुर कोतवाली पहुंची है और तहरीर देकर छेडखानी करने वाले युवक पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है

## सवारी लेकर जा रहे ई-रिक्शा में कार ने मारी टक्कर



**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहा से सवारी लेकर सैनी चौराहा जा रहे ईरिक्शा को ककोड़ा कल्याणपुर के बीच बसेरा ढाबा के पास पीछे से कार सवार ने टक्कर मार दी है हादसे में ई-रिक्शा चालक दौलतराम और एक सवारी नरेश को चोटे आई हैं हादसा देखकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे हैं और मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे में ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया है ईरिक्शा चालक दौलत राम के बेटे कृष्ण कुमार निवासी मीरापुर शहजाद पुर ने कोखराज पुलिस को तहरीर देकर कार मालिक पर कार्यवाही की मांग की है।

## 50 हजार कीमत की भैंस खोल ले गए चोर

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के फैजीपुर गांव से 50,हजार कीमत की भैंस चोर खेले गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है फैजी पुर गांव निवासी मुन्ना पुत्र लल्लू कुंजरा रोजाना की भांति अपने भैंस को शाम के समय चारा पानी देकर घर के सामने छप्पर नुमा घर में बांधकर घर में आकर खा पीकर सो गए शुक्रवार की रात छप्पर नुमा घर से चोर भैंस को चुरा ले गए भैंस की कीमत लगभग 50 हजार रुपए आकी गई है ।भुक्तभोगी की नींद जब खुली तो देखा कि भैंस गायब हो गई और भुक्तभोगी ने तुरंत खोजबीन करना शुरू कर दिया लेकिन चोरी गयी भैंस का कोई पता नहीं चल सका भुक्तभोगी ने पश्चिम सरीरा थाने में चोरों के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर पाकर पश्चिम शरीरा पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध छानबीन में जुट गई है।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त पताली पुत्र राकेश निवासी बालकमऊ थाना कोखराज को भरवारी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त नन्हे उर्फ नन्हई पुत्र नत्थू निवासी कठरा थाना चरवा को तेरामील तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र शिवकरन निवासी शोभना थाना संदीपनघाट को इमामगंज तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 134 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया ।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से एक थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से दो, थाना कड़ाधाम से एक कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# 15 वर्षों के बीच अवैध बालू खनन में माफिया ने एकत्रित किया 50 करोड़ की संपत्ति

## कार्रवाई के नाम पर माफिया को नहीं छू सकी डीएम एसपी की तमाम तरह की जांच

**कौशांबी के माफियाओं के काले साम्राज्य पर गरजता नहीं दिख रहा है योगी का बुलडोजर**



अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले में बालू खनन और उस पर कठोर कार्यवाही का ढिढोरा भले ही बड़े अधिकारी अक्सर पीटते हैं लेकिन सच्चाई में बालू माफियाओं पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है वरना बेशुमार दौलत के मालिक बालू माफिया ना बन पाते मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के यमुना नदी किनारे के एक गांव के एक बालू माफिया ने 15 वर्षों के बीच बालू के अवैध खनन की काली कमाई से लगभग 50 करोड़ रुपए की अकूत बेनामी संपत्ति अर्जित की है आलीशान बंगला जमीन प्लाट फ्लैट कृषि भूमि कई लग्जरी कार करोड़ों के बैंक बैलेंस का मालिक यह माफिया और उसके परिजन बन गए हैं उसके बाद भी बालू माफिया के विरुद्ध अभी तक गैंगेस्टर एक्ट 14 ए की कार्रवाई कर उसके काले साम्राज्य को नेस्तनाबूद करने का प्रयास पुलिस प्रशासन ने नहीं किया है जिला अधिकारी ने भी इस बालू माफिया को चिन्हित कर इसके काले साम्राज्य को नेस्तनाबूद करने की पहल शुरू नहीं किया है जिससे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

यमुना नदी से बालू के अवैध काले कारोबार में दर्जनों माफिया लगे हैं जिनका काला साम्राज्य बीते कई दशक से बेखौफ तरीके से प्रत्येक वर्ष यमुना नदी के घाट से जिले में संचालित होता है कई बालू माफियाओं ने अकूत संपत्ति अर्जित की है कौशांबी से लेकर प्रयागराज तक आलीशान बंगला लग्जरी कार करोड़ों के बैंक बैलेंस के मालिक बन गए हैं बताया जाता है कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत में प्रधानी की जिम्मेदारी देख चुके ग्राम प्रधान ने बालू के काले कारोबार में 15 वर्षों पूर्व कदम रखा था मामूली हैसियत वाले इस व्यक्ति ने अपनी गुण्डई दबंगई और अधिकारियों कर्मचारियों से सांठगांठ कर बेखौफ तरीके से यमुना नदी से बालू का खनन शुरू किया देखते-देखते दिन दूना रात चौगुना बालू माफिया की हैसियत बढ़ी वर्तमान में भी इस बालू माफिया का अवैध खनन का कारोबार बिना रोक-टोक के चल रहा है सरकार से यमुना घाट का पट्टा मिलने के बाद भी पत्थर गढ़ी नहीं होती है एक पट्टा लेकर पूरे यमुना तराई क्षेत्र की बालू निकाल ली जाती है 15 वर्षों से बालू माफिया का यह खेल निरंतर चल रहा है अवैध खनन की आड़ में बालू माफिया ने अकूत संपत्ति अर्जित की है जेसीबी मशीनें लगाकर 8 महीने यमुना नदी की जलधारा से बालू का अवैध खनन कराया जाता है बरसात के पूर्व बड़े-बड़े डम्प लगाए जाते हैं लेकिन उसके बाद भी बालू माफिया को प्रशासन चिन्हित नहीं कर सका है सूत्रों की मानें तो पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बेशुमार दौलत के मालिक बालू माफिया के खनन बिभाग से लेकर पुलिस बिभाग तक गहरे रिश्ते हैं जिसके चलते बालू माफिया के काले साम्राज्य पर योगी सरकार की कार्यवाही होती नहीं दिख रही है काले साम्राज्य से अर्जित किए गए अकूत संपत्ति पर गैंगेस्टर एक्ट 14 ए की भी कार्रवाई अभी तक माफिया पर नहीं हो सकी है एक तरफ योगी सरकार का कहना है कि काले साम्राज्य की संपत्ति पर बुलडोजर चलाया जाएगा लेकिन योगी का बुलडोजर कौशांबी के माफियाओं के काले साम्राज्य पर गरजता नहीं दिख रहा है जिससे योगी सरकार में भी कौशांबी के माफियाओं के वर्चस्व का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## एसओ कोखराज ने सुनी फरियादियों की फरियाद


फरियाद सुनते कोखराज थानेदार

**कोखराज कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस में कोखराज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में एसओ कोखराज व कानून गो ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निस्तारण करने के लिए सर्किल के लेखपालों को निर्देश दिया मौके पर आये शिकायती पत्र में एक का निस्तारण किया गया। अन्य मामलों को न्याय संगत निपटारा कराने को कहा गया मौके पर महेंद्र सिंह, कानून गो अनिल अग्रहरि लेखपाल, अहमद, रितेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, साधना सिंह, श्याम नारायण मिश्र, विनोद कुमार मिश्र, मान सिंह, दिलीप कुमार, शिव बाबू सुमित कुमार आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# मनरेगा में 20 परसेंट की वसूली, कौन-कौन है हिस्सेदार, जांच का विषय

## मनरेगा योजना में कमीशन खोरी की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच हुई तो चौंकाने वाले होंगे खुलासे

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मजदूरों को रोजगार देने के लिए सरकार द्वारा चलाई गई मनरेगा योजना अधिकारियों की कमीशन खोरी की भेंट चढ़ चुकी है जिले के प्रत्येक विकासखंड में एपीओ मनरेगा द्वारा बेखौफ तरीके से 20 प्रतिशत की वसूली बीते कई वर्षों से की जा रही है जिससे मनरेगा योजना में जहां मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है वही योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले पक्के कार्यों में भी जमकर धांधली हो रही है कमीशन खोरी की लालच में मानक विहीन कार्य कराए जा रहे हैं परंपरा बन चुकी 20 प्रतिशत की वसूली के चलते घटिया निर्माण की जांच भी नहीं हो पा रही है प्रत्येक विकास खंड क्षेत्र में करोड़ों रुपए महीने का मनरेगा योजना के बजट में 20 प्रतिशत की वसूली के चलते एपीओ पंचायत मालामाल हो रहे हैं लेकिन उसके बाद देखने सुनने वालों ने आंख मूंद ली है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत गांव क्षेत्र में मजदूरों को रोजगार दिए जाने का निर्देश सरकार द्वारा दिया गया था लेकिन बाद में अधिकारियों ने सरकार को गुमराह करते हुए इस योजना के अंतर्गत पक्के कार्य कराए जाने का सुझाव दिया जिससे वह कमीशन खोरी की मंशा में सफल हो सके मनरेगा योजना में गांव गांव पक्का कार्य कराए जाने का आदेश मिलते ही मनरेगा योजना की ज्यादा से ज्यादा रकम पक्के निर्माण कार्यों में खर्च की जाने लगी और निर्माण कार्य के आड़ में योजना से जुड़े अधिकारियों ने कमीशन खोरी शुरू कर दी।



सूत्र बताते हैं कि मनरेगा योजना में एपीओ मनरेगा द्वारा 20 प्रतिशत की वसूली बीते कई वर्षों पूर्व शुरू की गई थी जो व्यवस्था का हिस्सा बन चुकी है और लगातार अवैध वसूली की जा रही है कई बार डीसी मनरेगा से अवैध वसूली के बारे में चर्चा कर वसूली पर रोक लगाए जाने की मांग की गई लेकिन डीसी मनरेगा भी एपीओ मनरेगा की वसूली पर नहीं रोक सके हैं जिससे मनरेगा द्वारा कराए गए कार्य मानक विहीन हो रहे हैं घटिया निर्माण को रोकने की कोशिश भी अभी तक जिले में नहीं हो सकी है जिससे तमाम अन्य अधिकारियों के मनरेगा योजना की कमीशन में शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

करोड़ों रुपए महीने की बेखौफ तरीके से जिले में होने वाली वसूली के मामले में शासन प्रशासन से लेकर के अधिकारियों के कानों में जूं नहीं रेंग रही है 2 दिन पूर्व प्रभारी मंत्री ने भी विकास कार्यों की समीक्षा की लेकिन उन्होंने भी अधिकारियों नेताओं के चश्मों से जिले की विकास की समीक्षा कर वाहवाही लूट ली प्रभारी मंत्री के समीक्षा के दौरान हकीकत जबकि कुछ अलग थी लेकिन उनकी नजर भी कमीशन खोरी की ओर नहीं पड़ सकी है अधिकारी और नेताओं ने उन्हें अपने चिकनी चुपड़ी बातों में इस कदर फसाया की प्रभारी मंत्री की जांच दिशा केवल अधिकारियों और नेताओं की बातों तक सीमित रह गया मनरेगा योजना में 20 प्रतिशत की अवैध वसूली के मामले में यदि योगी सरकार ने शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच कराई तो अवैध वसूली के कारनामे में कई अन्य अधिकारियों के भी शामिल होने का खुलासा होना तय माना जा रहा है लेकिन क्या बेखौफ तरीके से करोड़ों रुपए महीने की वसूली करने वाले अधिकारियों के कारनामों की जांच निष्पक्ष तरीके से हो पाएगी या सब कुछ अफसर गिरी और नेतागिरी के बीच दबकर रह जाएगा योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन की बात पर यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

## संपादकीय

# सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों की बढ़ती उदासीनता

**प्रतिस्पर्धा** की दौड़ में सभी अपनी लाइन बड़ी करने में लगे हुए है ' और इस दौड़ में शिक्षा की बात करें तो ये लाइन बड़ी से और बड़ी करने में सरकारी स्कूल की तुलना में निजी स्कूल कही आगे है ' हर साल निजी स्कूलों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, और सरकारी स्कूल विलुप्ति की कतर में खड़े है ' निजी स्कूल की ओर अभिभावकों का बढता झुकाव निरंतर बढता जा रहा है ' निजी स्कूल का झुकाव कहा जाये तो गाँव की अपेक्षा शहरो में अधिक फल फूल रहा है, सबसे ज्यादा रूचि अधिक पढ़े-लिखे एवं रईस लोगो में देखने को मिलती है ' समाज का एक ऐसा तबका भी है इनके लिए सरकारी स्कूल में बच्चा को पढ़ाना जैसे उनके लिए शर्म की बात हो, और सरकारी स्कूल में पढ़ना यानि बच्चे का भविष्य अंधकार में डालने जैसा है ' सरकारी स्कूल गरीबी, आभावग्रस्त की निशानी के रूप में देखा जा रहा है ' सब निजी स्कूल में पढ़कर सरकारी नौकरी की तलास में रहते है ' यानि पढ़ाई के लिए निजी स्कूल और रोजगार के लिए सरकारी विभाग ' बड़ी अजीव प्रवर्ती है भैया जी! निजी तो निजी है, सब निजी होना चाहिए ' परन्तु नहीं! सरकारी नौकरी ही चाहिए सभी को ' निजी स्कूल की बिल्डिंग को और ऊँचा करने में हम पीछे नहीं है; ॅबड़े एवं नामदार स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिला करने के लिए बड़ी लाइन में खडा है हमारा समाजॅ ' सरकारी स्कूल तो सरकार के भरोसे! सरकारी स्कूल की छत से पानी रिस रहा है तो इसकी जबाबदेही सरकार की ही रहती है, समाज को इससे क्या सरोकार? सरकार जाने, सरकार आये इसको ठीक करने ! यही मानसिकता ने सरकारी सुविधायें को और गर्त में डाल रखा है। समाज के अच्छे नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य भी है सरकार को मदद करने का; जब कही हम समाज के अच्छे नागरिक कहलाने के योग्य होंगे ' मेरे पड़ोस के एक सज्जन से बात हुई; हमने उनसे पूछा भैया बच्चे का स्कूल में दाखिला करवा लिए ? उन्होंने अपना हिसाब सुनना शुरू कर दियाः एक नामी स्कूल में दाखिला करवाया है, पचास हजार डोनेशन दिए है स्कूल को; तब जाकर हुआ है स्कूल में दाखिला ' बड़ा आश्चर्य की बात है वर्तमान की युवा कार्यरत पीढ़ी में अधिकतर ने सरकारी स्कूल में पढ़ाई किये है और अधिक से अधिक मात्रा में सरकारी और निजी नौकरी में है, उनका पहली से लगाकर पढ़ाई पूरी होते तक 50 हजार का खर्चा नहीं आया होगा' और अब के बच्चे का नर्सरी में दाखिला हमारी पूरी पढ़ाई से भी बहुत ज्यादा है ' अब हम इतनी रकम के बदले पढ़ाई के बात करे तो नर्सरी के बच्चे को अक्षर ज्ञान और कुछ मौखिक पोएम से ज्यादा क्या सिखाया जा सकता है! इतने में ही हमारी खुशी का ठिकाना नहीं रहता और हम हजारो की रकम इस खुशी के लिए दे देते है! वैसे बात करें तो इतनी मोटी रकम देकर निजी स्कूल में पढ़ाई करना आज की जरुरत एवं मजबूरी बनती जा रही है ' इसका एक सटीक कारणों में सरकारी स्कूल की पढ़ाई के प्रति उदासीनता एवं बच्चों को ठीक से न पढ़ा पाने में विफलता है ' आखिर सरकारी स्कूलों का अभिभावकों में रुची क्यों नहीं है ? यह खाई बढ़ते ही जा रही है ' सरकार को इसका कारण खोजकर सरकारी स्कूलों की छबी को सुधारने का प्रयास करना चाहिए ' आखिर क्या कमी है, कहाँ क्या चूक हो रही है, इसका सही तरीके से फीडबैक लेकर उपचारात्मक कार्य करने की ओर ध्यान देने की नितांत आवश्कता है ' सरकार का राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण रिपोर्ट में भी बताया गया है कि पढ़ाई का स्तर हमारे देश में बहुत संतोषजनक नहीं है।


# पंचायतों पर पहरा, ग्रामीण विकास ठहरा

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**आजकल** हमें ऐसी खबरें सुनंने और पढ़ने को मिल रही है कि देश के अमुक गांव के सरपंच ने कर्ज के चलते आत्महत्या कर ली। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? भारत की पंचायती राज प्रणाली में गाँव या छोटे कस्बे के स्तर पर ग्राम पंचायत या ग्राम सभा होती है जो भारत के स्थानीय स्वशासन का प्रमुख अवयव है। सरपंच, ग्राम सभा का चुना हुआ सर्वोच्च प्रतिनिधि होता है। प्राचीन काल से ही भारतवर्ष के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन में पंचायत का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। सार्वजनिक जीवन का प्रत्येक पहलू इसी के द्वारा संचालित होता था। वर्तमान में ई-पंचायत के विरोध में हरियाणा प्रदेश भर में ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवों द्वारा धरने दिए जा रहे हैं और बीडीपीओ कार्यालय को ताले जड़े जा रहे हैं, सरकार ग्राम पंचायत में ई-प्रणाली शुरू करने जा रही है। हरियाणा के सरपंचों का कहना है कि ग्राम पंचायत में इस तरह की प्रणाली पर काम नहीं हो पाएगा। ऐसे में गांवों के विकास कार्य प्रभावित होंगे। विकास कार्य न होने पर ग्रामीण भी सड़कों पर उतर जाएंगे। भारतीय संविधान में 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है। 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियमों के तीन दशक से भी अधिक समय के बाद, राज्य सरकार, स्थानीय नौकरशाही के माध्यम से, पंचायतों पर काफी विवेकाधीन अधिकार और प्रभाव का प्रयोग करना जारी रखती हैं। भारत में, स्थानीय निर्वाचित अधिकारियों (जैसे कि तेलंगाना में ये सरपंच ) की शक्तियाँ राज्य सरकारों और स्थानीय नौकरशाहों द्वारा कई तरह से गंभीर रूप से सीमित रहती हैं, जिससे स्थानीय रूप से निर्वाचित अधिकारियों को सशक्त बनाने के लिए संवैधानिक संशोधनों की भावना कमजोर होती है। ग्राम पंचायत रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए राज्य और केंद्र से मिलने वाले अनुदान (विवेकाधीन और गैर-विवेकाधीन अनुदान) पर आर्थिक रूप से निर्भर रहती हैं। मोटे तौर पर, पंचायतों के पास धन के तीन मुख्य स्त्रोत -राजस्व के अपने स्वयं के स्त्रोत (स्थानीय कर, सामान्य संपत्ति संसाधनों से राजस्व, आदि), केंद्र और राज्य सरकारों से सहायता अनुदान, और विवेकाधीन या योजना-आधारित धन होते हैं । राजस्व के अपने स्वयं के स्त्रोत (कर और गैर-कर दोनों) कुल पंचायत निधियों के एक छोटे से अनुपात का गठन करते हैं।

# दयानन्द सरस्वती: क्रांतिकारी धर्मगुरु व राष्ट्रनिर्माता

**ललित गर्ग**



**स्वामी** दयानन्द सरस्वती ऐसे दिव्य महापुरुष हैं, जिन्होंने समाज-सुधार एवं आडम्बर मुक्ति का आलोक ही नहीं फैलाया बल्कि राष्ट्र-निर्माण में अपूर्व योगदान दिया। उनकी कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं है। उनका लोकहितकारी चिन्तन त्रैकालिक, सार्वभैमिक एवं सार्वदेशिक है और युग-युगों तक समाज का पथदर्शन करता रहेगा। स्वामी दयानंद सरस्वती प्रकाश स्तंभ है। जिस युग में उन्होंने जन्म लिया उस समय देशी-विदेशी प्रभाव से भारतीय संस्कृति संक्रमण के दौर से गुजर रही थी और उसका पतन आरंभ हो गया था। उन्होंने भयाक्रांत, आडम्बरों में जकड़ी और धर्म से विमुख जनता को अपनी आध्यात्मिक शक्ति और सांस्कृतिक एकता से संबल प्रदान किया। वे उन महान संतों-महापुरुषों में अग्रणी हैं जिन्होंने देश में प्रचलित अंधविश्वास, रूढ़िवादिता, विभिन्न प्रकार के आडंबरों व सभी अमानवीय आचरणों का विरोध किया। वे आधुनिक भारत के महान चिन्तक, समाज सुधारक, क्रांतिकारी धर्मगुरु व देशभक्त थे। हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता देने, स्वदेशी जागरण तथा हिंदू धर्म के उत्थान व इसके स्वाभिमान को जगाने हेतु स्वामीजी के महत्वपूर्ण योगदान के लिए भारतीय जनमानस सदैव उनका ऋणी रहेगा। स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी सन 1824 में काठियावाड़ क्षेत्र (जिला राजकोट), गुजरात में टंकरा नामक स्थान पर हुआ था। दयानंद सरस्वती का असली नाम मूलशंकर था और उनका प्रारम्भिक जीवन बहुत आराम से बीता। आगे चलकर एक पण्डित बनने के लिए वे संस्कृत, वेद, शास्त्रों व अन्य धार्मिक पुस्तकों के अध्ययन में लग गए। उनके हृदय में आदर्शवाद की उच्च भावना, यथार्थवादी मार्ग अपनाने की सहज प्रवृत्ति, मातृभूमि को नई दिशा देने का अदम्य उत्साह, धार्मिक-सामाजिक-आर्थिक व राजनैतिक दृष्टि से युगानुकूल चिन्तन करने की तीव्र इच्छा तथा भारतीय जनता में गौरवमय अतीत के प्रति निष्ठा जगाने की भावना थी। उन्होंने किसी के विरोध तथा निन्दा की परवाह किये बिना हिन्दू समाज का कायाकल्प करना अपना ध्येय बना लिया था। महर्षि दयानंद ने इतने व्यापक क्षेत्रों में कार्य किया है कि अनेक क्षेत्र हमारी आंखों से ओझल ही रह जाते हैं। राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए उनके महान योगदान पर अभी हमारी दृष्टि नहीं पड़ी है। संसार उनको एक धार्मिक महापुरुष के रूप में ही जानता है जबकि वे सशक्त राष्ट्र-निमार्ता भी है। भारत को स्वतंत्रता दिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वदेशी आंदोलन के मूल सूत्रधार भी महर्षि दयानंद ही थे। उन्होंने लिखा है- जब परदेशी हमारे देश में व्यापार करेंगे तो दारिद्रय और दुःख के बिना दूसरा कुछ भी नहीं हो सकता। स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1875 में गिरगांव मुम्बई में आर्यसमाज की स्थापना की। आर्यसमाज के नियम और सिद्धांत प्राणिमात्र के कल्याण के लिए है, संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है, अर्थात शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना। उन्होंने वेदों की सत्ता को सदा सर्वोपरि माना। स्वामीजी ने कर्म सिद्धान्त, पुनर्जन्म, ब्रह्मचर्य तथा संन्यास को अपने दर्शन के चार स्तम्भ बनाया। उन्होने ही सबसे पहले 1876 में स्वराज्य का नारा दिया जिसे बाद में लोकमान्य तिलक ने आगे बढ़ाया। सत्यार्थ प्रकाश के लेखन में उन्होंने भक्ति-ज्ञान के अतिरिक्त समाज के नैतिक उत्थान एवं समाज-सुधार पर भी जोर दिया उन्होंने समाज की कपट वृत्ति, दंभ, क्रूरता, अनाचार, आडम्बर, एवं महिला अत्याचार की भर्त्सना करने में संकोच नहीं किया।

स्वामी दयानन्दजी के जीवन में ऐसी बहुत सी घटनाएं हुईं, जिन्होंने उन्हें हिन्दू धर्म की पारम्परिक मान्यताओं और ईश्वर से जुड़ी भ्रान्त धारणाओं को बदलने के लिये विवश किया। एक बार शिवरात्रि को उन्होंने देखा कि शिवजी के लिए रखे भोग को चूहे खा रहे हैं। यह देख कर वे बहुत आश्चर्यचकित हुए और सोचने लगे कि जो ईश्वर स्वयं को चढ़ाये गये प्रसाद की रक्षा नहीं कर सकता वह मानवता की रक्षा क्या करेगा? इस बात पर उन्होंने अपने पिता से बहस की और तर्क दिया कि हमें ऐसे असहाय ईश्वर की उपासना नहीं करनी चाहिए। अपनी छोटी बहन और चाचा की हैजे के कारण हुई मृत्यु से वे जीवन-मरण के अर्थ पर गहराई से सोचने लगे और वे 1846 मे सत्य की खोज मे निकल पड़े। गुरु विरजानन्द के पास पहुंचे। गुरुवर ने उन्हें पाणिनी व्याकरण, पातंजलि-योगसूत्र तथा वेद-वेदांग का अध्ययन कराया। गुरु दक्षिणा में उन्होंने मांगा- विद्या को सफल कर दिखाओ, परोपकार करो, सत्य शास्त्रों का उद्धार करो, मत-मतांतरों की अविद्या को मिटाओ, वेद के प्रकाश से इस अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करो, वैदिक धर्म का आलोक सर्वत्र विकीर्ण करो। यही तुम्हारी गुरुदक्षिणा है। महर्षि दयानन्द ने अनेक स्थानों की यात्रा की। उन्होंने हरिद्वार में कुंभ के अवसर पर पाखण्ड खण्डिनी पताका फहराई। उन्होंने अनेक शास्त्रार्थ किए। वे कलकत्ता में बाबू केशवचन्द्र सेन तथा देवेन्द्र नाथ ठाकुर के संपर्क में आए। केशवचन्द्र सेन ने स्वामीजी को यह सलाह दे डाली कि यदि आप संस्कृत छोड़ कर हिन्दी में बोलना आरम्भ करें, तो देश का असीम उपकार हो सकता है। तभी से स्वामीजी ने हिन्दी में उपदेश देना प्रारंभ किया, इससे विभिन्न प्रान्तों में उन्हें असंख्य अनुयायी मिलने लगे। उन्होंने ईसाई और मुस्लिम धर्मग्रन्थों का भली-भांति अध्ययन-मन्थन किया था। उन्होंने ईसाइयत और इस्लाम के विरूद्ध मोर्चा खोला, सनातनधर्मी हिंदुओं के खिलाफ संघर्ष किया। इस कारण स्वामीजी को तरह-तरह की परेशानियां झेलनी पड़ी, अपमान, कलंक और कष्ट झेलने पड़े। संघर्ष उनके लिये अभिशाप नहीं, वरदान साबित हुआ।

> हिन्दू नवोत्थान अब पूरे प्रकाश में आ गया था। और अनेक समझदार लोग मन ही मन अनुभव करने लगे थे कि वास्तव में पौराणिक धर्म की पोंगापंथी में कोई सार नहीं है। इस तरह धर्म के वास्तविक स्वरूप से जन-जन को प्रेरित करके उन्होंने एक महान क्रांति घटित की। उनकी इस धर्मक्रांति का सार था कि न तो धर्मग्रंथों में उलझे और न ही धर्म स्थानों में

आंतरिक आवाज वही प्रकट कर सकता है जो दृढ़ मनोबली और आत्म-विजेता हो। दयानन्द ने बुद्धिवाद की जो मशाल जलायी थी, उसका कोई जवाब नहीं था। वे जो कुछ कह रहे थे, उसका उत्तर न तो मुसलमान दे सकते थे, न ईसाई, न पुराणों पर पलने वाले हिन्दू पण्डित और विद्वान। हिन्दू नवोत्थान अब पूरे प्रकाश में आ गया था। और अनेक समझदार लोग मन ही मन अनुभव करने लगे थे कि वास्तव में पौराणिक धर्म की पोंगापंथी में कोई सार नहीं है। इस तरह धर्म के वास्तविक स्वरूप से जन-जन को प्रेरित करके उन्होंने एक महान क्रांति घटित की। उनकी इस धर्मक्रांति का सार था कि न तो धर्मग्रंथों में उलझे और न ही धर्म स्थानों में। उनके धर्म में न स्वर्ग का प्रलोभन था और न नरक का भय, बल्कि जीवन की सहजता और मानवीय आचार संहिता का ध्रुवीकरण था।

स्वामी दयानन्द सरस्वती ने न केवल धर्मक्रांति की बल्कि परतंत्रता में जकड़े देश को आजादी दिलाने के लिये राष्ट्रक्रांति का बिगुल भी बजा दिया। इसके लिये उन्होंने हरिद्वार पहुँच कर वहां एक पहाड़ी के एकान्त स्थान पर अपना डेरा जमाया। वहीं पर उन्होंने पाँच ऐसे व्यक्तियों से मुलाकात की, जो आगे चलकर सन 1857 की क्रान्ति के कर्णधार बने। ये पांच व्यक्ति थे नाना साहेब, अजीमुल्ला खां, बाला साहब, तात्या टोपे तथा बाबू कुंवर सिंह। बातचीत काफी लम्बी चली और यहीं पर यह तय किया गया कि फिरंगी सरकार के विरुद्ध सम्पूर्ण देश में सशस्त्र क्रान्ति के लिए आधारभूमि तैयार की जाए और उसके बाद एक निश्चित दिन सम्पूर्ण देश में एक साथ क्रान्ति का बिगुल बजा दिया जाए। सन 1857 की क्रान्ति की सम्पूर्ण योजना भी स्वामीजी के नेतृत्व में ही तैयार की गई थी और वही उसके प्रमुख सूत्रधार भी थे। वे अपने प्रवचनों में श्रोताओं को प्रायः राष्ट्रवाद का उपदेश देते और देश के लिए मर मिटने की भावना भरते थे। उन्होंने यह अनुभव किया कि लोग अब अंग्रेजों के अत्याचारी शासन से तंग आ चुके हैं और देश की स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष करने को आतुर हो उठे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सशक्त भारत-नये भारत की बात कर रहे हैं, इसके बीज स्वामीजी अपने समय में डालते हुए कहा- एक धर्म, एक भाव और एक लक्ष्य बनाए बिना भारत का पूर्ण हित और उन्नति असंभव है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सशक्त, आजाद एवं शक्तिशाली भारत को निर्मित करते हुए आर्य समाज के माध्यम से समाज-सुधार के अनेक कार्य किए। छुआछूत, सती प्रथा, बाल विवाह, नर बलि, धार्मिक संकीर्णता तथा अन्धविश्वासों के विरुद्ध उन्होंने जमकर प्रचार किया और विधवा विवाह, धार्मिक उदारता तथा आपसी भाईचारे का उन्होंने समर्थन किया। इन सबके साथ स्वामीजी लोगों में देशभक्ति की भावना भरने से भी कभी नहीं चूकते थे। प्रारम्भ में अनेक व्यक्तियों ने स्वामीजी के समाज सुधार के कार्यों में विभिन्न प्रकार के विघ्न डाले और उनका विरोध किया। धीरे-धीरे उनके तर्क लोगों की समझ में आने लगे और विरोध कम हुआ। उनकी लोकप्रियता निरन्तर बढ़ने लगी। उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करना उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाना होगा। उनकी जन्म जयन्ती मनाने की सार्थकता तभी है जब हम उनके बताये मार्ग पर चलते हुए गुणवत्ता एवं जीवनमूल्यों को जीवनशैली बनाये।

# बजट सत्र: 51 मिनट बनाम 88 मिनट

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारत की हर गतिविधियों पर दुनिया उत्सुकता से नजर गड़ाई हुई है कि, इसका परिणाम क्या होगा, आज क्या होगा, हमारा उसमें कौनसा हित होगा, आज भारत क्या करेगा? जैसे अनेक सवाल छिपे होते हैं। हो भी क्यों ना? क्योंकि भारतीय आज ऐसी मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है कि बस! अब विश्वगुरु का औपचारिक मुकुट भर पहनना है, क्योंकि आज छोटे से लेकर बड़े देशों के सत्ताधारी से लेकर विपक्षी नेताओं का भारत के साथ बॉडीलैंग्वेज एसी होती है, मानों भारतीय नेता से मिलने के लिए उतावले हो! वैसे आज 8 फरवरी 2022 को देखें तो हमारे पीएम ने इजरायल के समकक्ष पदआसीन नेता से अनेक मुद्दों पर फोन से चर्चा की, वही भीषण भूकंप का दंश झेल रहे देशों तुर्कीया, सीरिया को 30 बेड वाला हॉस्पिटल सहित अनेकों आपातकालीन सहायताएं कैंप भेजकर मदद करने के जुटा हुआ है। वही आज बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर पक्ष विपक्ष की चर्चा का जवाब माननीय पीएम ने दिया करीब पूरे विश्व ने लगभग देखा, जिसमें विपक्ष के नेता ने करीब 51 मिनट के अपने सवाली संबोधन पर माननीय पीएम ने अपने करीब 88 मिनट के जवाब में 2014 से किए गए अपने कार्यों का सिलसिलेवार जवाब सहित 51 मिनट में उठाए गए मुद्दों का पॉइंट टू पॉइंट जवाब दिया जिसपर भारत सहित पूरे दुनिया की नजरें लगी हुई थी। इसलिए आज हम पीआईबी में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि 51 मिनट बनाम 88 मिनट,बजट सत्र में राष्ट्रपति केअभिभाषण पर पक्ष विपक्ष की चचाएँ चर्चा सारे विश्व की हेडलाइंस बनी।

साथियों बात अगर हम 51 मिनट के विपक्षी युवा नेता द्वारा खड़े किए गए सवालों की करें तो, बीते दिन पीएम और केंद्र सरकार पर कई सवाल खड़े किए थे। उन्होंने आरोप लगाए कि उद्योगपति को भारत में और विदेशों में काम के कॉन्ट्रैक्ट इसलिए मिल जाते हैं, क्योंकि वो पीएम के करीबी हैं। उन्होंने पीएम के विदेशी दौरों पर सवाल दागा था कि पीएम के विदेश दौरे में वो कितनी बार साथ गए? उन्होंने पूछा कि आपके कितने दौरों के दौरान वे गए? आपके कितने दौरे के बाद वे उस देश के दौरे पर गए और कितने देशों में आपके दौरे के बाद उनको को कॉन्ट्रैक्ट मिले? उन्होंने 51 मिनट में 45 मिनट सिर्फ उद्योगपति और उद्योगपति से जुड़े विवादों के बारे में बात की। उन्होंने ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दिए अपने भाषण को उद्योगपति और पीएम तक सीमित कर दिया और इस दौरान वो अपने साथ एक तस्वीर भी लाए थे, जिसमें उद्योगपति और पीएम एक साथ दिख रहे हैं। बता दें कि मंगलवार को उन्होंने अपने भाषण के दौरान करीब 60 बार उस उद्योगपति का नाम लिया था।इसके अलावा मंगलवार को प्रमुख विपक्षी पार्टी नेता ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र किया था। बता दें कि उन्होंने तमिलनाडु से लेकर कश्मीर के श्रीनगर तक भारत जोड़ो यात्रा की थी।अपनी यात्रा के समापन पर उन्होंने ने श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया था, उन्होंने प्रमुख सवाल पूछे थे (1) उद्योगपति जी आपके साथ कितनी बार विदेश गए? (2)आपके विदेश जाने के बाद वे कितनी बार उस देश गए? (3) जिस देश में उनको कॉन्ट्रैक्ट मिला,वहां आप कब गए?(4) आपके विदेश दौरे के बाद उस देश में उनको कब कॉन्ट्रैक्ट मिला?(5) उद्योगपति जी ने पिछले 20 साल में आपकी पार्टी को कितना पैसा दिया? पीएम के भाषण के बाद उन्होंने कहा- पीएम ने मेरे एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। उनके बयान से समझ आ गया है कि वे उनको बचा रहे हैं। इसके पीछे कई सारे कारण हैं। मैं संतुष्ट नहीं हूं, लेकिन इससे सच्चाई उजागर हो रही है। उन्होंने ट्वीट भी किया- न जांच कराएंगे, न जवाब देंगे-प्रधानमंत्री जी बस अपने मित्र का साथ देंगे। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा अपने 88 मिनट के जवाबी संबोधन की करें तो उन्होंने शुरूआत की,मैं चर्चा में शामिल सभी माननीय सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। लेकिन मैं देख रहा था कल कुछ लोगों के भाषण के बाद पूरा इकोसिस्टम, समर्थक उछल रहा था और कुछ लोग तो खुश होकर के कह रहे थे, ये हुई न बात। बड़ा शायद नींद भी अच्छी आई होगी, शायद आज उठ भी नहीं पाए होंगे। और ऐसे लोगों के लिए कहा गया है, बहुत अच्छे ढंग से कहा गया है। अपने 88 मिनट के भाषण में उन्होंने उनपर पूछे किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। पीएम की पूरी स्पीच में उद्योगपति का जिक्र तक नहीं था। हालांकि पीएम विपक्ष की एकता से लेकर राहुल की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज जरूर कसते रहे। मैं चर्चा में शामिल सभी माननीय सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। लेकिन मैं देख रहा था कल कुछ लोगों के भाषण के बाद पूरा इको सिस्टम, समर्थक उछल रहा था और कुछ लोग तो खुश होकर के कह रहे थे, ये हुई न बात बड़ा, शायद नींद भी अच्छी आई होगी, शायद आज उठ भी नहीं पाए होंगे। और ऐसे लोगों के लिए कहा गया है, बहुत अच्छे ढंग से कहा गया है। जब राष्ट्रपति जी के भाषण पर चर्चा मैं सुन रहा था, तो मुझे लगा कि बहुत सी बातों को मौन रहकर भी स्वीकार किया गया है। यानी एक प्रकार से सबके भाषण में सुनता था, तब लगा कि राष्ट्रपति जी के भाषण के प्रति किसी को एतराज नहीं है, किसी ने उसकी आलोचना नहीं की। भाषण की हर बात, अब देखिए क्या कहा है राष्ट्रपति जी ने मैं उन्हीं के शब्द को क्वोट करता हूं। राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में कहा था, जो भारत कभी अपनी अधिकांश समस्याओं के समाधान के लिए दूसरों पर निर्भर था, वही आज दुनिया की समस्याओं के समाधान का माध्यम बन रहा है। राष्ट्रपति जी ने यह भी कहा था, जिन मूल सुविधाओं के लिए देश की एक बड़ी आबादी ने दशकों तक इंतजार किया, वे इन वर्षों में उसे मिली है। बड़े-बड़े घोटालों, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की जिन समस्याओं से देश मुक्ति चाहता था, वह मुक्ति अब देश को मिल रही है। पॉलिसी-पैरालिसिस की चर्चा से बाहर आकर आज देश और देश की पहचान, तेज विकास और दूरगामी दृष्टि से लिए गए फैसलों के लिए हो रही है। किसी भी भारतीय को ऐसी अनेक बातें मैं गिना सकता हूँ। राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में कई बातें कही हैं। देश में हर स्तरपर, हर क्षेत्र में, हर सोच में, आशा ही आशा नजर आ रही है। एक विश्वास से भरा हुआ देश है। सपने और संकल्प लेकर के चलने वाला देश है। लेकिन यहाँ कुछ लोग ऐसे निराशा में डूबे हैं, काका हाथरसी ने एक बड़ी मजेदार बात कही थी। काका हाथरसी ने कहा था- आगा-पीछा देखकर क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दीखे सीन। मैं कई बार सुन रहा हूँ, यहां कुछ लोगों को हार्वर्ड स्टडी में का बड़ा क्रेज है। कोरोना काल में ऐसा ही कहा गया था और कांग्रेस ने कहा था कि भारत की बबार्दी पर हार्वर्ड में केस स्टडी होगी, ऐसा कहा था और कल फिर सदन में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में स्टडी की बात कल फिर हुई, लेकिन माननीय अध्यक्ष जी बीते वर्षों में हार्वर्ड में एक बहुत बढ़िया स्टडी हुई है, बहुत महत्वपूर्ण स्टडी हुई है। और वो स?टडी है, उसका टॉपिक क?या था मैं जरूर सदन को बताना चाहूंगा और ये स?टडी हो चुकी है। स?टडी है द राइज एंड डिक्लाइन ऑफ इंडियन कांग्रेस पार्टीज ये स?टडी हो चुका है और मुझे विश्वास है भविष्य में कांग्रेस की बबार्दी पर सिर्फ हार्वर्ड नहीं, बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों में अध्ययन होना ही होना है और डूबाने वाले लोगों पर भी होने वाला है।इस प्रकार के लोगों के लिए दुष्यंत कुमार ने बहुत बढ़िया बात कही है और दुष्यंत कुमार ने जो कहा है बहुत फिट बैठता है,तुम्हारे पाँव के नीचे, कोई जमीन नहीं,कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं।राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, विचारधाराओं में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन ये देश अजर-अमर है। आओ हम चल पड़ें- 2047, आजादी के 100 साल मनाएंगे, एक विकसित भारत बनाकर रहेंगे। एक सपना ले करके चलें, एक संकल्प ले करके चलें, पूरे सामर्थ्य के साथ चलें और जो लोग बार-बार गांधी के नाम पर रोटी सेंकना चाहते हैं- उनको मैं कहना चाहता हूं एक बार गांधी को पढ़ लें। एक बार महात्मा गांधी को पढ़ें, महात?मा गांधी ने कहा था- अगर आप अपने कर्तव्यों का पालन करोगे तो दूसरे के अधिकारों की रक्षा उसमें निहित है।

# जीजीपीपी मोबीलाइजेशन कैंपेन

**सुनील कुमार महला**

**आज** का युग प्लास्टिक(पॉलीथीन) का युग है। जित देखो, तित प्लास्टिक ही प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। नदियों में, नालों में, गलियों में, मोहल्लों में, सड़कों पर, स्टेशनों पर, बाग-बगीचों में,पार्कों में, कूड़े-कचरे में, आफिसों में हर जगह प्लास्टिक की माया है। प्लास्टिक की ही काया है। इस प्लास्टिक ने जीव-जगत को भरमाया है। सब्जी लानी हो या फल, रसोई का सौदा-सामान हो या अन्य कोई भी चीज प्लास्टिक(पॉलीथीन) बिन दिन बंजारे लगते हैं। अब तो प्लास्टिक का उपयोग जैकट बनने तक में होने लगा है। हाल ही में हमारे प्रधानमंत्री जी तक ने प्लास्टिक बोतलों से बनी जैकट पहनी। मीडिया में खबरें देखकर तोताराम जी एक दिन हमारे घर चले आए और हमसे कहने लगे- लेखक भैय्या ! कुछ प्लास्टिक बोतलें और पॉलीथीन की थैलियाँ वगैरह आपके घर में पड़ी हैं तो कबाड़ वाले को मत देना, हमें दे देना। हमने कहाँ-तोताराम जी ऐसा क्यों ? आप भला प्लास्टिक की बेकार बोतलों का क्या करोगे ? वैसे भी प्लास्टिक की बोतलों की आजकल वैल्यू क्या है ? लोग तो यूं ही प्लास्टिक की बोतलों और पॉलीथीन को ट्रेन में, बस में छोड़ देते हैं, स्टेशनों, बस स्टैंड, कूड़े-करकट,नालियों-नदियों, तालाबों, झीलों जहाँ मन चाहे वहाँ फेंक देते हैं। बहुत से पशुओं को कूड़े के ढ़ेर में फ्री में पॉलीथीन उपलब्ध हो जाता है। आप तो आखिरकार हमारी तरह मनुष्य हैं, आपको कोई मनाही थोड़े ही है। घर की रसोई में रोजाना अनप-शनाप पॉलीथीन आता है। प्लास्टिक की बोतलें भी आती ही हैं। और फिर बिस्किट, ब्रेड, दूध,टॉफी-चॉकलेट, साबुन, घी, तेल सभी तो पॉलीथीन में ही पैक आते हैं। हमारे घर में ही क्यों, किसी के घर में भी पॉलीथीन, प्लास्टिक तो आम है। फिर भी आप चले ही आए तो हम आपको निराश बिल्कुल नहीं लौटायेंगे। लेकिन हमारा एक प्रश्न है कि आखिर आप पॉलीथीन, प्लास्टिक का आखिर करेंगे क्या ? तो तोताराम जी बोलें -हम ठहरे एक छोटे-मोटे राजनीतिक दल के प्रेसीडेंट। हमारे कार्यकताओं ने सर्दियां आने से पहले प्लास्टिक, पॉलीथीन का प्रयोग करते हुए अपने लिए अनाप-शनाप जैकेट्स बनवाई थीं, वो क्या है कि आजकल सर्दियों के कपड़ों में बिल्कुल दम तो आता नहीं, कतई गर्म ही नहीं रहते। प्लास्टिक, पॉलीथिन के कपडों में से हवा तक अंदर-बाहर नहीं निकलती। आनंद आ जाता भरी सर्दी में पॉलीथीन, प्लास्टिक के जैकेट्स पहनकर, पूरी सर्दी आसानी से निकल गई। तोताराम जी की बात सुनकर हम बोलें- लेकिन तोताराम जी अब तो गर्मियों का सीजन आने वाला है। ग्लोबल वार्मिंग ने देश-दुनिया का, धरती के संपूर्ण पारिस्थितिकीय तंत्र का वैसे भी सत्यानाश कर रखा है। इतनी गर्मी में पॉलीथीन, प्लास्टिक का आप क्या करेंगे ? तोताराम जी ने प्रतिउत्तर में कहा-आप भी न लेखक भैय्या बड़े भोले लेखक हो। आपको दुनियादारी का कुछ भी अता-पता ही नहीं है। आप हमें अपने घर का सारा पॉलीथीन, प्लास्टिक उपलब्ध तो कराओ, हम उसका उपयोग अपने सभी कार्यकर्ताओं के लिए टी-शर्ट बनवाने में करेंगे, वो क्या है कि आजकल टी-शर्ट राजनीति का असली फंडा हो गया है। टी-शर्ट हमारी राजनीति को चमका सकती है। हम हॉफ बाजू की ब्रांडेड टी-शर्ट्स बनवायेंगे और अपनी राजनीति को चमकायेंगे। हम घर-घर टीशर्ट्स की रेवड़ियाँ बांटेंगे। ये टी-शर्ट्स की रेवड़ियाँ हमारी कुर्सी को बचाएंगी और हमारी पार्टी को चमकाएंगी। पिछले कुछ समय से हमारी पार्टी के पास फंड की भारी कमी है। फंड के अभाव में हमारी राजनीतिक कुर्सी डगमगा रही है। मैं भी हमारी पार्टी का एक तगड़ा पार्टीभक्त हूं, आखिर पार्टी अध्यक्ष हूं। अध्यक्ष होने के नाते मेरी कम से कम यह तो जिम्मेदारी बनती ही है कि मैं पर्यावरण की रक्षा के साथ साथ अपने राजनीतिक हितों की रक्षा भी करूँ। यही कारण है कि मैंने पार्टी अध्यक्ष के नाते घर-घर प्लास्टिक, पॉलीथीन एकत्रीकरण अभियान यानी कि जीजीपीपी मोबीलाइजेशन कैंपेन शुरू किया है। हम तोताराम जी बातें सुनते रह गए और घर में रखी प्लास्टिक की बोतलों,पॉलीथीन की थैलियों के लिए अपनी धर्मपत्नी जी को आवाज देने लगे।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं।)**

# यह मेरा स्वैग है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**नोट** से चीप, आलू से सोना और टेस्ट ट्यूब बेबी से सीता मैया को ढूँढ़ निकालने के बाद जो अपार सफलता मिली, उसके लिए मैं हृदय की गहराई से आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। मुझे पता है कि आप भी मुझे बधाई देना चाहते है, किंतु आपके पास शब्दों की कमी पड़ रही है। इसीलिए मैंने अक्षरों की ओर दृष्टिपात किया है। सुना है अक्षर जन्म और मृत्यु के खेल से परे होते हैं। सोचा क्यों न मैं भी अक्षरों पर एक कवर स्टोरी बना दूँ। अब तो हर सच्चाई कवर होने लगी है। जीवन में किसी न किसी को कभी न कभी अवश्य कवर करना चाहिए, वरना हमें कवर करने वाला दुनिया में कोई नहीं बचेगा। बहुत दिनों के बाद मैंने अक्षरमाला को बड़े ध्यान से देखा। पिछली बार 2011 के आसपास देखा था। मात्र देखने का परिणाम यह हुआ कि देश का साक्षरता दर सत्तर पार हो गया। मैंने देखने में कभी कमी नहीं की। यही कारण है कि यहाँ जितने डॉक्टर और इंजीनियर बनते हैं उससे कहीं ज्यादा बाबा उभरकर आते हैं। हमारी साक्षरता पढ़े लिखों में बेवकूफों और बेवकूफों में पढ़े लिखो का संतुलन बनाए रखती है। हाँ तो मेरी बात अक्षरमाला पर हो रही थी। मानो मुझे ऐसा लगा कि चुनिंदा शहरों के साथ-साथ अक्षरमाला को भी स्मार्ट सिटी का दर्जा दे दिया गया है। अक्षरमाला के शहर में स्वर, व्यंजन, गला, मूर्धा, तालू, दाँत, होंठ जैसी अलग-अलग बस्तियाँ काफी हाई-फाई हो गयी हैं। तालू के मोहल्ले में दाँत वाले मोहल्ले का कोई छोकरा घुस आए तो दाँतों की बत्तीसी तोड़ने के लिए तलुआ गैंग के अक्षर डटकर खड़े रहते हैं। मैंने देखा कि कुछ अक्षर बदन पर आभूषण की प्रदर्शिनी लगाए प्रशंसा पाने की होड़ में है। कुछ अक्षर भजन, कीर्तन करते हुए फलाँ-फलाँ का नामस्मरण कर रहे हैं।

## फटाफट खबरें

### किसान के दो हत्यारों को हुआ आजीवन कारावास , दोनों को दस-दस हजार का जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खेतों में सिंचाई को पाइप लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद बुजुर्ग किसान की हत्या के मामले में दोषसिद्ध होने पर जिला जज ने दो हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ दस हजार रुपये के जुमार्ना से दोनों को दंडित किया।

शनिवार को जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि कर्वी कोवताली क्षेत्र के मनोहरगंज सीतापुर के उग्रसेन मौर्य पुत्र सूरजपाल ने 14 जून 2015 को दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसके पिता सूरजपाल रात में घर से भोजन के बाद खेत की रखवाली को गये थे। वह खेत में चारपाई पर सो रहे थे। सवेरे खेत जाने पर देखा कि किसी ने धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी है। उग्रसेन के अनुसार सिंचाई को पाइप लगाने को लेकर भइयालाल मौर्य से विवाद हुआ था। पुलिस ने तहरीर के अनुसार भइयालाल, चुन्नू, जुगुल किशोर, दादूराम मौर्य, बब्बू पुत्रगण रघुराज, इन्द्रपाल पुत्र सैकू, कमलेश पुत्र उन्ना व ज्वाला पुत्र भइयालाल के खिलाफ मामला दर्ज किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों में से ज्वाला पुत्र भइयालाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। विवेचना में एक अन्य आरोपी पवन को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया था।

बचाव व अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने हत्या में दोषसिद्ध पवन कुमार मौर्या व ज्वाला प्रसाद को आजीवन कारावास के साथ दस-दस हजार रुपये के जुमार्ना की सजा सुनाई है।

### एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने बन्दर को घर से निकाला

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर कस्बे में बन्दरों के दो गुटों में हुई लडाई से घायल एक बन्दर एक घर में घुस गया। बन्दर को पकडने को डायल 112 पुलिस ने एक घंटे की कडी मशक्कत के बाद बन्दर को घर से बाहर निकाला है।

ये मामला मानिकपुर कस्बे के आर्यनगर क्षेत्र का है। बन्दरों के दो गुट शुक्रवार की शाम लड गये। इनमें घायल एक बन्दर अपनी जान बचाने को प्रदीप साहू के घर में घुस गया। बन्दरों के आतंक को देखकर मोहल्लेवासी दहशत में आ गये। बन्दर के घर में घुसने से पूरा परिवार घर के बाहर निकल आया। पीडित परिवार ने बन्दर को निकालने को पुलिस की डायल 112 को बुलाया।

डायल 112 पुलिस एक घंटे की कडी मशक्कत के बाद बन्दर को घर से बाहर निकाल सकी। तब जाकर परिवार ने राहत की सांस ली। पुलिस के बन्दर को घर से बाहर निकालने पर मोहल्लेवासियों ने पुलिस की जमकर सराहना की। बन्दरों को पकडने को वन विभाग कोई अभियान नहीं चला रहा। इससे आये दिन बन्दरों के आतंक से लोग खासे परेशान हैं।

### पुलिस ने दम्पति को समझाकर परिवार टूटने से बचाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास के क्रम में महिला थाना पुलिस टीम ने दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

शनिवार को कोतवाली कर्वी के तरौंहा की श्रीमती पूनम सोनी पत्नी पिंटू सोनी ने पुलिस अधीक्षक को दिये पत्र में कहा कि पति पिन्टू सोनी आये दिन विवाद कर उसे घर में नहीं रखता है। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया ने शिकायतकर्ता महिला की शिकायत को ध्यान से सुनकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। उन्होंने दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने की सलाह दी। पति-पत्नी के कर्तव्यों को निभाने की बात कही।

पति-पत्नी के बीच आपसी सुलह होने पर दोनो को तालमेल से रहने की सलाह दी। कहा कि आपस में तालमेल से रहकर गृहस्थी चलायें। समझौता कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, महिला सिपाही रीता यादव व नीतू द्विवेदी शामिल रहीं।

### यातायात टीम ने 75 हजार का किया ई-पेंडिंग चालान

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में टीएसआई योगेश कुमार यादव ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की। उन्होंने तीन ओवरलोड ट्रकों को सीज कर बिना नम्बर प्लेट के 15 ट्रकों से 75 हजार रुपये का पेंडिंग चालान किया है।

शनिवार को टीएसआई योगेश कुमार यादव यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को जारी अभियान के तहत टीम के साथ जांच में थे। उन्होंने जांच दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की। वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने जांच का कार्य सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में किया। यातायात प्रभारी मनोज कुमार व टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने कर्वी शहर से बेडीपुलिया बांदा रोड में तथा कस्बा पहाडी के बिसंडा रोड में ट्रकों की बडे पैमाने पर जांच की।

जांच दौरान यातायात पुलिस टीम में तीन ओवरलोड ट्रकों को सीज किया। इस बीच बिना नम्बर प्लेट के 15 ट्रकों से 75 हजार रुपये का ई-पेंडिंग चालान किया।

### निपुण भारत मिशन के तहत ब्लाक परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

**जलेसर। लखीम**पुर खीरी से टीम अवागढ़ पहुंची और खंड शिक्षा अधिकारी अवागढ़ अनिल कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर अवागढ़ पर पहुंचकर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को परियोजना कार्यालय लखनऊ के निर्देशन में जागरूक किया गया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई।

नोडल प्रभारी डॉ देवेश द्विवेदी के द्वारा मंच के माध्यम से छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं को भी परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा सुझाए गई जानकारी से अवगत कराया गया

# मनी लांड्रिंग में बन्द विधायक की पत्नी निखत गिरफ्तार

## बिना लिखा-पढी के अक्सर आती थी पति से जेल में मिलने

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जेल में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी से जिला जेल रगौली में बिना लिखा-पढी के पत्नी निखत बानो से मिलाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पत्नी निखत समेत उसके ड्राइवर नियाज को गिरफ्तार कर लिया है। जेल अधीक्षक समेत सात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

शुक्रवार की रात डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला के संज्ञान में बात आई कि बिना लिखा-पढी के जेल में बन्द विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत जिला जेल अधीक्षक के कमरे में मौजूद हैं। डीएम की अगुवाई में पुलिस टीम ने जिला जेल में छापेमारी कर अधीक्षक के कमरे से निखत को बरामद कर उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन, विदेशी करेंसी रियाल, ज्वैलरी समेत कुछ गैरकानूनी वस्तुयें बरामद हुईं। बाहुबली मुख्तार अंसारी का







विधायक बेटा अब्बास अंसारी 18 नवम्बर 2022 से मनी लांड्रिंग के मामले में जिला जेल रगौली में बन्द है। उसकी पत्नी निखत आये दिन जिला जेल में बिना लिखा-पढी के मुलाकात को जाती थी। पुलिस ने निखत का मोबाइल फोन जब्त कर हिरासत में लेकर पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश करने जा रही है।

जिला कारागार चैकी प्रभारी श्यामदेव सिंह की तहरीर पर कोतवाली कर्वी में जेल अधीक्षक अशोक सागर, डिप्टी सुपरिटेन्ड सुशील कुमार, जेलर पीयूष कुमार पाण्डेय समेत सात लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। डीजी जेल आनन्द कुमार ने अधीक्षक, जेलर व डिप्टी जेलर समेत पांच बन्दी रक्षकों को निलम्बित कर दिया है। उनकी जांच अभी जेल में जारी है। डीएम-एसपी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि निखत यहां किसके यहां रह रही थी। इस मामले की विवेचना की जा रही है। सूत्रों के दावे हैं कि सपा के कुछ दिग्गज नेता भी जांच के घेरे में हैं। इन पर भी कार्यवाही की तलवार लटक रही है। विधायक अब्बास अपनी पत्नी के मोबाइल फोन से गवाहों को धमकाने के साथ रंगदारी भी वसूलता था। अब्बास की पत्नी जेल के अफसरों/कर्मचारियों को महंगे तोहफे आदि देती थी। पकडे जाने पर निखत ने मोबाइल फोन से कुछ डाटा डिलीट करने का प्रयास किया। उसने पुलिस को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी।

## नयी ऊर्जा के साथ लक्ष्य को प्राप्त करें छात्र-छात्रायें: सांसद

### महाविद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र/छात्राओं के साथ महाविद्यालय की सभी कक्षाओं में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सांसद आरके सिंह पटेल, शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप जलाया। छात्र/छात्राओं ने लघुनाटिका, एकल नृत्य, समूह नृत्य, दीवारी नृत्य तथा देशभक्ति सामूहिक गीत पेश किये।





बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को सराहते हुए कहा कि भावी लक्ष्य के लिए भी इसी प्रकार समर्पित होकर नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे। विशिष्ट अतिथि के बतौर शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी ने छात्र/छात्राओं में अनुशासन की भरपूर सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनायें दी।

अध्यक्षीय अभिभाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल, प्रवक्ता डॉ रामनरेश यादव, डॉ सीमा कुमारी, डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ मुकेश कुमार, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ वंशगोपाल, डॉ राकेश कुमार शर्मा, डॉ नीरज गुप्ता, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ गजेन्द्र सिंह, बलवन्त सिंह राजौदिया तथा समस्त कर्मचारियों समेत भारी तादाद में छात्र/छात्रायें मौजूद रहे।

## चंद उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही सरकार: कुशल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कर्वी ब्लाक के लोढवारा गांव में प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला की मौजूदगी में हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर पर्चे बांटकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का संदेश दिया।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल व प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला की मौजूदगी में लोढवारा गांव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का संदेश घर-घर दिया। संदेश में कहा कि जिस तरह से देश में मौजूदा सरकार नफरत फैला रही है। सभी लोग एकजुट होकर सरकार की गलत नीतियों का विरोध करें। कांग्रेस ने सत्ता में रहते जनता के लिए ढेरों कार्य किये हैं। मौजूदा भाजपा सरकार चंद उद्योगपतियों के लिए ही कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष ने घर-घर जाकर आम जनता को कांग्रेस से जुडने का आवाहन किया।

इस दौरान कांग्रेस पूरे जिले में हाथ से हाथ जोडो अभियान गांव-गांव चला रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे एवं कांग्रेस नेता राहुल का संदेश घर-घर पहुंचा रही है। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष जगजाहिर पटेल, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, धीर सिंह, रामनरेश, शिवशंकर, अंगनू, गरीबदास आदि मौजूद रहे।

## समिट के तीन दिन से बदलेगा यूपी का भाग्य : शाह

**लखनऊ। ग्लोबल** इन्वेस्टर्स समिट में शिरकत करने लखनऊ पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि समिट के यह तीन दिन यूपी का भाग्य बदलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में वो अभी चीजे हैं जो किसी भी राज्य में उद्योगों के विकास के लिए जरूरी होती हैं। अब यूपी की सरकार त्वरित फैसले भी लेती है। नीतियों में कन्फ्यूजन समाप्त हुआ है। कानून व्यवस्था और इंफ्रा की स्थित मजबूत हुई है। यह देश के लिए शुभ संकेत हैं।

गृहमंत्री ने कहा कि यूपी में विकास की अपार संभावनाएं हैं। देश को अगर फाइव ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने में राज्य की अहम भूमिका हो सकती है। यूपी की संभावना को देखते हुए बड़ी संख्या में निवेशक राज्य में निवेश कर रहे हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पिछली सरकार में लखनऊ में निवेशक आने को तैयार नहीं थे इस वजह से दिल्ली में इन्वेस्टर्स समिट की गई थी शाह ने कहा, एमएसएमई ही वो बीज है जो भारत की सबसे बड़ी विकास की कारक होती है। आज की एमएसएमई में ही कल की सबसे बड़ी कंपनी इंडस्ट्री छिपी है।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक हुई है। कई सारी नीतियां बजट के अनुसार बनाई गई हैं। यूपी सरकार पर एक भी आरोप नहीं है। यूपी सरकार ने त्वरित फैसले दिखाने का माद्दा दिखाया है। हर ध्ष्टि से यूपी का महत्व है।

शाह ने कहा, उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने का मतलब है, देश के विकास को गति देना। यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आए निवेश से भारत के विकास में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्क र और यहां की कानून-व्यवस्था पूरे देश में एक मिसाल की तरह है।

उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य के अंदर अगर इंडस्ट्री लानी है और इन्वेस्टमेंट लाना है तो 5 चीजें होनी चाहिए। पहला कानून व्यवस्था ठीक हो। दूसरा राज्य का इंफ्रास्ट्रक्क र होना चाहिए। तीसरा इंडस्ट्री और फाइनेंस की सुविधा हो। यह सब यूपी में मौजूद है।

शाह ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से सरकार गृह उद्योग को भी बढ़ावा दे रही है।

### भोजन बनाते समय सिलेंडर में लगी आग महिला झुलसी

**वाराणसी। भेलूपुर** थाना क्षेत्र के खोजवा में शुक्रवार सुबह गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक महिला आग से बुरी तरह झुलस गई।आग से झुलसी महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। जहा त्रिलोकी नाथ गुप्ता के घर में शुक्रवार सुबह खाना बनाते हुए सिलेंडर के पाइप लाइन में रिसाव होने से आग लग गई।

इस दौरान वहां खाना बना रही उषा गुप्ता (50)आग बुझाने के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गई।घर में आग लगने की जानकारी होते ही अगल बगल के लोग आग बुझाने के लिए आ गए।सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड के जवानों ने तत्काल आग को बुझाया।मौके पर पहुंचे भेलूपुर रमाकांत दुबे ने घायल महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक खुद निकले औचक निरीक्षण करने

**बिजनौर। जिलाधिकारी** एवं पुलिस अधीक्षक खुद निकले औचक निरीक्षण पर, अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर प्रहार करते हुए मंडावली स्थित नदी पर 13 गाडियों को अवैध खनन करते हुए रंगे हाथों पकड कर किया सीज। कुल वाहनों पर हुई कार्यवाही, अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्व. आगे भी जारी रहेगा।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा दिनेश सिंह, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार द्वारा शाम 5.30 बजे औचक रूप से मंडावली स्थित नदी पर अवैध खनन करते हुए 13 गाड़ियों को अवैध खनन करते हुए रंगे हाथों पकडा गया। इसके अलावा जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशों के अंतर्गत अन्य क्षेत्रों में भी अवैध खनन करते हुए तीन गाड़ियों को पकड कर सीज किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए औचक रूप से निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत खनन निरीक्षक द्वारा आज 17 अवैध खनन से भरे वाहनों का चालान किया गया। उन्होंने प्रतिबद्वता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में किसी भी स्तर पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा और इस कार्य में लिप्त पाए जाने वाले वाहनों को सीज कर संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। जिलाधिकारी मिश्रा के कुशल नेतृत्व में अवैध परिवहन/ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए जिले में कार्यरत टास्क फोर्स को औचक निरीक्षण/प्रवर्तन कर अवैध परिवहन/ओवरलोडिंग वाहनो की सघन चैकिंग चलाया गया, जिसके अंतर्गत जिला बिजनौर में संयुक्त टीम द्वारा तहसील नजीबाबाद के अन्तर्गत थाना नजीबाबाद में 01 वाहन, थाना मण्डावली में 12 वाहन कुल 13 वाहन, तहसील धामपुर क्षेत्रान्तर्गत थाना रेहड में 03 वाहन तथा तहसील बिजनौर क्षेत्रान्तर्गत थाना किरतपुर में 17 वाहन इस प्रकार कुल 33 वाहनो पर बिना आई०एस०टी०पी, वैध प्रपत्र व ओवरलोडिंग पर कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ प्रवीण रंजन, एसडीएम नजीबाबाद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## अमेरिकी मंत्री ज्यॉफ्री पियाट 13 फरवरी से भारत की यात्रा पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा संसाधन सहायक विदेश मंत्री ज्यॉफ्री पियाट 13 फरवरी को पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचेंगे। इस यात्रा का मकसद पूरे दक्षिण एशिया में स्वच्छ ऊर्जा हस्तांतरण, ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा तक पहुंच में वृद्धि से संबंधित सहयोग को बढ़ाना है। यह जानकारी अमेरिका के ऊर्जा संसाधन मंत्रालय ने दी। अमेरिका के ऊर्जा संसाधन मंत्रालय ने बयान में कहा है कि पियाट 17 फरवरी तक भारत में रहेंगे। वह इस बीच मुंबई, पुणे, और नई दिल्ली की यात्रा करेंगे। वह पारस्परिक सामरिक सहयोग के अलावा भारत की जी-20 अध्यक्षता के मद्देनजर उच्च बैठक में समूचे दक्षिण एशिया में स्वच्छ ऊर्जा हस्तांतरण, ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा तक पहुंच में वृद्धि से संबंधित सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा करेंगे।

## अमेरिका ने चीन की छह आईटी कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया

वाशिंगटन। अमेरिका ने चीन के जासूसी गुब्बारा को मार गिराने के बाद ड्रैगन को एक और तगड़ा झटका दिया है। अमेरिका ने चीन की छह आईटी कंपनियों काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में डाल दिया है। यह जानकारी अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने दी है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक पिछले सप्ताह अमेरिकी हवाई क्षेत्र में घुसे चीन के एक जासूसी गुब्बारे की प्रतिक्रिया के रूप में जो बाइडन प्रशासन ने इन कंपनियों को प्रतिबंधित करते हुए अपनी कुछ आईटी वस्तुओं की बिक्री पर रोक लगा दी है। इन कंपनियों में बीजिंग नानजियांग एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी समूह निगम 48वां अनुसंधान संस्थान, डोंगगुआन लिंगकोंग रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी, ईगल्स मेन एविएशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्रुपकी कंपनी गुआंगजी और शांक्सी ईगल्स मेन एविएशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप कंपनियां शामिल हैं।

## तुर्किये और सीरिया में भूकंप से अब तक 24,000 से ज्यादा लोगों की मौत

**अंकारा/दमिश्क।** भूकंप से तबाह हो चुके यूरोप के पास बसे पश्चिम एशिया के दो देश तुर्किये और सीरिया में छह दिन से मलबे में जिंदगी की तलाश की जा रही है। अब तो अपनों के शव देखकर हृदय को झकझोर देने वाला आर्तनाद तक शांत हो चुका है। इनदेशों ने 7.8 की तीव्रता वाला शक्तिशाली झटका झेला है। मृतकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इस आपदा में अब तक 24,000 से अधिक लोगों की जान गई है। तुर्किये में 19 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। बाकी लोग सीरिया के हैं। विश्व बैंक ने भूकंप से प्रभावित तुर्किये और सीरिया के लिए 1.78 अरब डालर की सहायता स्वीकृत की है। यह धनराशि राहत और बचाव कार्यों के अलावा पुनर्निर्माण पर खर्च की जाएगी। भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित शहर अंताक्या, सान्लिउर्फा और अलेप्पो हैं।दक्षिण मध्य तुर्की के अंताक्या शहर की आबादी करीब 2.50 लाख थी। इस शहर का एक बड़ा हिस्सा मलबे में तब्दील हो चुका है। पूर्व में सान्लिउर्फा का भी यही हाल है। इस शहर को सीरियाई संस्कृति का प्रमुख केंद्र माना जाता है।अलेप्पो शहर भी खंडहर बन चुका है। बारिश और बर्फबारी के बीच धीमी गति से चल रहे राहत और बचाव कार्य के दौरान मलबे के ढेर में एक ऐसा किशोर भी मिला है जो मूत्र पीकर जिंदा रहा। बचाव दल ने उसे निकालकर अस्पताल भेजा है। किशोर अदनान मुहम्मद कोरकुट भूकंप के केंद्र बिंदु रहे गाजियनटेप शहर के नजदीकी इलाके में मिला है। गाजियनटेप के आसपास करीब डेढ़ करोड़ लोगों की आबादी भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। यहां शायद ही कोई मकान या बड़ा भवन क्षतिग्रस्त होने से बचा हो। बीतते समय के साथ लोगों के जिंदा मिलने की संभावना क्षीण होती जा रही है।

## अमेरिका के ऊर्जा मंत्री ज्योफ्री प्याट 13 फरवरी से पांच दिवसीय भारत दौरे पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री ज्योफ्री प्याट 13 फरवरी से पांच दिन के भारत दौरे पर आ रहे हैं। वे 17 फरवरी तक मुंबई, पुणे व दिल्ली में प्रवास करेंगे। इस दौरान वे अन्य द्विपक्षीय मसलों पर चर्चा के साथ ऊर्जा संसाधनों से जुड़ी कई बैठकों में हिस्सा लेंगे।अमेरिकी ऊर्जा विभाग के मंत्री (सहायक सचिव) ज्योफ्री प्याट की 13 से 17 फरवरी तक प्रस्तावित भारत यात्रा का ऐलान अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से किया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि प्याट 13 से 17 फरवरी के बीच भारत यात्रा के दौरान मुंबई, पुणे और नई दिल्ली के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान दोनों देशों के सामरिक सहयोग के साथ जी-20 समूह की भारत की अध्यक्षता के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों व वरीयताओं पर चर्चा होगी। वे स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण, ऊर्जा सुरक्षा के साथ पूरे पूरे दक्षिण एशिया में ऊर्जा की पहुंच में वृद्धि पर बातचीत करेंगे।

# भारत ने श्रीलंका के तमिल बहुल क्षेत्र जाफना में बनवाया सांस्कृतिक केंद्र

**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका के तमिल बहुत क्षेत्र में जाफना में बहुउद्देश्यीय जाफना सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कराया है। भारत के सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन के साथ श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने इस केंद्र का उद्घाटन कर इसे जाफना के लोगों को समर्पित किया।

श्रीलंका के तमिल बहुल जाफना में भारत सरकार के सहयोग से बनने वाले जाफना सांस्कृतिक केंद्र का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2015 में किया था। यह सांस्कृतिक केंद्र दोनों देशों के मजबूत संबंधों को शानदार उदाहरण माना जा रहा है। पहले गृहयुद्ध और पिछले कुछ महीनों से आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के लिए यह सांस्कृतिक केंद्र मानसिक सशक्तीकरण का पथ प्रशस्त करेगा। जाफना सांस्कृतिक केंद्र में एक सार्वजनिक चौक है, जिसे रंगभूमि मंच के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा दो मंजिलों का एक संग्रहालय, 600 से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता वाला थिएटर, एक सभागार और एक 11 मंजिला शिक्षण टॉवर भी है। सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत बनाए रखने की बात कही।



उन्होंने उक्त केंद्र के लिए भारतीय मदद को धन्यवाद देने के साथ कठिन समय में श्रीलंका से जुड़े रहने के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। भारत के सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने केंद्र का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद जाफना सांस्कृतिक केंद्र को विशिष्ट करार दिया।

## लाहौर हाई कोर्ट का पंजाब विधानसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित करने का आदेश

**लाहौर।** जस्टिस जवाद हसन की अध्यक्षता वाली लाहौर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने देररात पाकिस्तान निर्वाचन आयोग को पंजाब प्रांत के विधानसभा चुनाव की तारीख तत्काल घोषित करने का आदेश दिया है। इससे पहले एकल पीठ ने दोपहर बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की याचिका पर सुनाया है। इस फैसले को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन (पीएमएल(एन)) नीत सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। एकल पीठ ने फैसले में कहा कि निर्वाचन आयोग विधानसभा भंग होने के 90 दिन के अंदर चुनाव कराने के लिए बाध्य है। आयोग चुनाव कार्यक्रम जारी करे। उल्लेखनीय है कि पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की सरकारों ने 20 दिन से अधिक समय पहले विधानसभा भंग कर दी थीं। इसका मकसद संघीय सरकार पर नए सिरे से चुनाव कराने के लिए दबाव बनाना था। पीएमएल (एन) और उसके सहयोगी दलों ने नेशनल असेंबली भंग करने और नए सिरे से चुनाव कराने की पीटीआई की मांग मानने के बजाय कहा था कि अगस्त में संघीय सरकार का कार्यकाल पूरा होने के बाद ही दोनों प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव भी होने चाहिए। इसके बाद, दोनों प्रांतों के राज्यपालों ने पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव कराने की तारीख तय करने से इनकार कर दिया था।

# अमेरिका ने भारत से द्विपक्षीय रिश्ते बढ़ाने का ऐलान किया, चीन का कम होगा प्रभाव

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की विदेश संबंध समिति ने भारत के साथ द्विपक्षीय रिश्ते बढ़ाने और चीन का प्रभाव कम करने की कोशिश का ऐलान किया है। समिति ने इन दोनों लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विशेष ध्यान देने की बात कही है।

अमेरिका ने दुनिया के बाकी देशों के साथ रिश्तों की मजबूती के लिए विदेश संबंध समिति बनाई है। अमेरिकी संसद के रिपब्लिकन सदस्य माइकल मैककॉल की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक में कहा गया कि अमेरिका व भारत के द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर विशेष रूप से समिति की नजर है। समिति की प्राथमिकताओं व निगरानी के मुद्दों को लेकर पारित प्रस्ताव में कहा गया कि विशेष रूप से भारत और अमेरिका के बीच रक्षा व आर्थिक क्षेत्रों, आतंकवाद विरोधी प्रयासों और भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीतिक उपस्थिति को बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा।

समिति के डेमोक्रेट सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने बताया कि समिति भारत के प्रति अमेरिकी नीति और द्विपक्षीय सहयोग के निरंतर विस्तार की समीक्षा करेगी। सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग के साथ विस्तारित भूमिकाओं के अवसरों पर ध्यान देना भी समिति की वरीयताओं में शामिल रहगेगा। इसके अलावा आतंकवाद विरोधी प्रयासों सहित अमेरिका व भारत के बीच रक्षा संबंधों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध बढ़ाने के प्रयासों पर जोर देते हुए प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और फार्मास्युटिकल उद्योगों में द्विपक्षीय प्रयासों पर चर्चा की गयी। तय हुआ कि भारत की तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांगों के प्रभावों की समीक्षा भी की जाएगी।



समिति की बैठक में दुनिया में चीन की बढ़ती शक्तियों को लेकर भी चर्चा हुई। बताया गया कि चीन जिस तरह से दुनिया में अपना प्रभुत्व बढ़ा रहा है, वो खतरे की आहट है। चीन ने अपने वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के लिए 2013 में एक बुनियादी ढांचा परियोजना शुरू की है। इसका उद्देश्य दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को भूमि और समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। चिंता जताई गयी कि ये अंतरराष्ट्रीय सीमाओं में परिवर्तन का एक खतरनाक माध्यम बन सकता है। इसके जरिए चीन पूरी दुनिया को काबू करने की तरफ बढ़ रहा है। ऐसे में अब चीन के साथ हुए अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संधियों की भी समीक्षा करने की बात कही गयी।

# (जीआईएस-23) यूएई-यूपी के संबंधों के लिए मील का पत्थर साबित होगा जीआईएस

**यूएई।** भारत और यूएई के बीच में जो पारंपरिक और आर्थिक संबंध वर्षों से चले आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उनमें और प्रगाढ़ता आएगी। खासतौर पर उत्तर प्रदेश और यूएई के लिए यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। यह बातें शनिवार को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 (यूपीजीआईएस) के मंच से उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और यूएई के मंत्री एचई अहमद बिन अली अल सेझ व मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर फॉरेन ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकॉनमी एचई डॉ. थानी बिन अहमद अल जायोदी ने एक सुर में कही।

यूएई के मंत्रियों ने साफतौर पर कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है, आने वाले समय में हमारे बहुत सारे इन्वेस्टर्स यूपी का रुख करेंगे और योगी सरकार द्वारा यूपी में लाए गए बदलाव व निवेश के अनुकूल माहौल का लाभ उठाएंगे।

उत्तर प्रदेश सरकार में एमएसएमई, खादी और विलेज इंडस्ट्री राकेश सचान ने कहा कि 23 सितम्बर 2021 को भारत सरकार और यूएई के बीच आर्थिक सहयोग को लेकर साझेदारी हुई थी। उसके बहुत सकारात्मक परिणाण देखने को मिले हैं। इस साझेदारी के चलते यूएई और भारत के बीच व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। यूएई से एक्सपोर्ट और इंपोर्ट 50 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। हमें यूपी में यूएई के साथ अच्छे संबंधों की आशा है। बीते माह हमारी टीम ने यूएई का दौरा किया, जहां डॉ. थानी ने हमारा गर्मजोशी से स्वागत किया। अबुधाबी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने भी काफी सहयोग किया। वहां लुलु मॉल ने हमारे साथ 3300 करोड़ रुपये का एमओयू किया है। इसके तहत वो अयोध्या और वाराणसी समेत कुछ अन्य जगह भी अपने मॉल खोलेगा। वहीं, एलाना ग्रुप ने भी फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश का ऐलान किया है। लुलु मॉल के साथ सेल्फ हेल्प ग्रुप के लिए भी करार हुआ है, ताकि एसएचजी की महिलाओं द्वारा बनाया जा रहा प्रोडक्ट्स भी इन मॉल्स के माध्यम से लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री योगी ने 'हर हाथ को काम, हर चेहरे पर मुस्कान' का जो मंत्र दिया है, उसे हर हाल में सफल बनाना है। मेरी यूएई के निवेशकों से अपील है कि यूपी में आइए और निवेश कीजिए। योगी सरकार हर तरह से आपका समर्थन करती है। यूएई के मिनिस्टर ऑफ स्टेट एचई अहमद बिन अली अल सेझ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ हमारे म्यूचुअल रिलेशन हैं। हमने हाल ही में एक-दूसरे के साथ गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट सहयोग को आगे बढ़ाया है और मुझे उम्मीद है कि यह सहयोग नई ऊंचाइयों को छुएगा। हम उत्तर प्रदेश में परंपरागत निवेश के अलावा नए और उभरते क्षेत्रों पर भी फोकस कर रहे हैं। इनमें डिफेंस, स्पेस, फूड प्रोसेसिंग, एग्रीकल्चर प्रोसेसिंग, क्लाइमेट, ड्रोन टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक समेत कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इसी कड़ी में यूएई की कुछ कंपनियां उत्तर प्रदेश में फूड पार्क्स बनाने जा रही हैं। हमने लक्ष्य तय किया है कि अगले पांच वर्षों में यूएई का भारत के साथ कुल व्यापार 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचेगा। पिछले साल भारत-यूएई आर्थिक संबंधों को मजबूती देने के लिए हमने 'आई टू, यू टू' की शुरुआत की थी। यह काफी सफल रही थी।

# आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को आईएमएफ ने दी बेलआउट पैकेज के पहले किस्त की संजीवनी

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) बेलआउट पैकेज को कड़े शर्तों के साथ पहली किस्त जारी करने पर राजी हो गया है। इस बेलआउट पैकेज को लेकर आईएमएफ की टीम पिछले 10 दिन से पाकिस्तान में थी। आर्थिक बदहाली की दौर से गुजर रहे पाकिस्तान के लिए यह पैकेज संजीवनी की तरह है।

वित्त मंत्री इशाक डार ने कहा कि सात अरब डालर ऋण पैकेज में से 1.1 अरब डालर रिलीज करने को लेकर सरकार आईएमएफ के नियमों व शर्तों पर सहमत है। हालांकि, वित्त मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि अभी दोनों पक्षों के बीच कर्मचारी स्तर समझौता नहीं हुआ है।

इशाक डार गुरुवार रात में आईएमएफ टीम के रवाना होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सरकार को सात अरब डालर के ऋण कार्यक्रम को पूरा करने के लिए आईएमएफ से नियम और शर्तों पर एक मेमोरेंडम प्राप्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आईएमएफ कार्यक्रम पूरा करने को लेकर आश्वस्त है। वित्त मंत्री ने कहा कि वार्ता समाप्त होने के बाद भी हम कर्मचारी स्तर समझौते पर पहुंचने के लिए सोमवार को टीम से लगातार संपर्क में रहेगी। इसकी आईएमएफ मिशन के प्रमुख नाथन पार्टर ने भी पुष्टि करते हुए कहा कि आगे की प्रक्रिया पूरी करने के लिए बातचीत जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि इमरान सरकार के दौरान 2019 में 6.5 अरब डालर पैकेज पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसे बीते दिसंबर में बढ़ाकर सात अरब डालर कर दिया गया था।



# रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने की पहल करें मोदी:अमेरिका ने कहा- उनकी कोशिश का स्वागत करेंगे, दोनों देशों में दुश्मनी खत्म करना जरूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने की पहल करें। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी से व्हाइट हाउस में युद्ध को लेकर सवाल पूछा गया था कि क्या अभी भी पीएम मोदी राष्ट्रपति पुतिन से बात कर इस युद्ध को बंद करवा सकते हैं। इसके जवाब मोदी के पुराने बयान का जिक्र किया

किर्बी पीएम मोदी के बयान का जिक्र भी किया। दरअसल, मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। किर्बी ने कहा कि मोदी का बयान सिद्धांतों वाला बयान था, उनका मानना ????है कि वो सही हैं और अमेरिका ने उनके बयान का स्वागत किया था और यूरोप ने भी इसे सकारात्मक तरीके से स्वीकार किया था।



**मोदी ने शंघाई समिट में कहा था- हम शांति के रास्ते पर बढ़ सकते हैं**

पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की मुलाकात 2022 में उज्बेकिस्तान के समरकंद में SCO की मीटिंग के इतर हुई थी। यह बैठक 50 मिनट चली। इस दौरान मोदी ने कहा था, 'आज का युग जंग का नहीं है। हमने फोन पर कई बार इस बारे में बात भी की है कि लोकतंत्र कूटनीति और संवाद से चलता है। हम पिछले कई दशकों से हर पल एक-दूसरे के साथ रहे हैं। आज स्ह्ह समिट में भी आपने भारत के लिए जो भावनाएं व्यक्त की हैं, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।' किर्बी ने रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा- यूक्रेनी लोगों के साथ जो हो रहा है उसके लिए एकमात्र व्यक्ति जिम्मेदार है, वो पुतिन हैं और वह इसे अभी रोक सकते हैं। इसके बजाय, वह यूक्रेन के पावर प्लांट पर क्रूज मिसाइलें दाग रहें हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# बाइडेन के बाद पेंस के घर मिलीं सीक्रेट फाइल्सः ट्रम्प के समय उप-राष्ट्रपति थे, एक दिन पहले कैपिटल हिल हिंसा पर समन मिला था

**इस्लामाबाद।** अमेरिका के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट माइक पेंस के इंडियाना स्थित घर से FBI को एक क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट मिला है। दरअसल, पिछले महीने पेंस के सहयोगियों को उनके घर से 6 क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट्स मिले थे, जिसके बाद पेंस ने FBI की सर्चिंग के लिए मंजूरी दी थी।

पेंस ने अपनी लीगल टीम को जांच अधिकारियों का सहयोग करने और जांच को लेकर ट्रांसपैरेंट रहने का निर्देश दिया है। एक दिन पहले ही अमेरिकी संसद हिंसा के मामले में पेंस को समन भेजा गया था। इसके बाद अब FBI उनके घर पहुंच गई। 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प की हार गए थे। जिसके बाद 6 जनवरी 2021 को उनके समर्थकों ने संसद भवन पर हमला कर दिया था। तलाशी की शर्तों से जुड़ी बातचीत हुई लीक

पेंस की टीम गुपचुप तरह से तलाशी की शर्तों पर अधिकारियों से बात कर रही थी। ये बातें मीडिया में लीक हो गईं। पेंस के एक सहयोगी ने जस्टिस डिपार्टमेंट को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा- ये पूरा मामला ट्रम्प के खिलाफ हो रही जांच से जुड़ी पूछताछ पर असर डाल सकता है। दरअसल, हाल ही में राष्ट्रपति बाइडेन के विलमिंगटन वाले घर और वॉशिंगटन में स्थित एक पूर्व थिंक टैंक ऑफिस से क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट्स बरामद हुए थे। इसके बाद पेंस के सहयोगियों ने सावधानी बरतते हुए उनके घर की तलाशी ली थी। यहां क्लासिफाइड मार्क के साथ दस्तावेज मिलने पर उन्होंने जस्टिस डिपार्टमेंट को इसकी सूचना दी।



इसके बाद जब पेंस मार्च फॉर लाइफ के लिए वॉशिंगटन में थे तब FBI उनके घर छानबीन के लिए पहुंची। पहले ट्रम्प, फिर बाइडेन और अब पेंस के घर पर क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट मिलने के बाद अधिकारियों पर क्लासिफाइड मटीरियल संभालने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, राष्ट्रपति बाइडेन के पूर्व ऑफिस में 2 नवंबर, 2022 को क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट्स मिले थे, जिसकी जानकारी जनवरी 2023 में सामने आई थी। बाइडेन ने दस्तावेज नेशनल आर्काइव्स को भेज दिए थे। इससे पहले जनवरी 2021 में व्हाइट हाउस छोड़ने पर ट्रम्प पर अपने फ्लोरिडा स्थित घर मार-ए-लेगो में कई क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट्स ले जाने के आरोप लगे थे। ट्रम्प ने इन डॉक्यूमेंट्स को नेशनल आर्काइव्स को सौंपने से भी इनकार कर दिया था।

# सीतारमण ने कहा- नई कर प्रणाली से मध्य वर्ग को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2023-24 के बाद शनिवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल की केंद्रीय बोर्ड की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी उपस्थित रहे। सीतारमण ने कहा कि नई कर प्रणाली से मध्य वर्ग को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को अपनाने से करदाताओं के हाथ में ज्यादा पैसा बचा रहेगा। नई दिल्ली में आयोजित आरबीआई के निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करने के बाद सीतारमण ने मीडिया से कहा कि सरकारी योजनाओं के जरिए लोगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी नहीं है। इसकी जगह लोगों को अपने निवेश के बारे में व्यक्तिगत स्तर पर निर्णय लेने का मौका दिया जाना चाहिए। वित्त मंत्री ने हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट की चिंता पर कहा कि भारत के नियामक बहुत अनुभवी हैं, वे हमेशा से तैयार हैं, इसलिए मैं इसे उन पर छोड़ देती हूं। क्रिप्टोकरेंसी पर उन्होंने कहा कि इसमें तकनीक का ज्यादा रोल है। इसलिए हम सभी देशों से बात कर रहे हैं कि अगर क्रिप्टो को लेकर नियम लाना है तो क्या कोई मानक संचालन प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं, क्योंकि क्रिप्टो पर एक अकेला देश कुछ नहीं कर सकता। इस मुद्दे पर जी 20 देशों के साथ भी चर्चा जारी है।बैठक में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने संबोधन में कहा कि जब से रूस-युक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल के दाम में गिरावट आ सकती है। शक्तिकांत दास ने कहा कि मुद्रास्फीति का 5.3 फीसदी रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त में स्थिति वैसी नहीं है, जैसे छह महीने पहले थी, रिस्क समान रूप से संतुलित हैं।